हरिभूमि
# रायपुर भूमि



लीज में दिए 14 मोटल्स में दुर्ग, रायगढ़ और कोरिया में शुरू हुआ संचालन

पर्यटन विभाग से लीज पर मिले रिजॉर्ट में एजेंसी तैयार कर रही नई सुविधाएं

## खुलने लगे बंद पड़े मोटल्स के ताले

### मानां में दो महीने व चंदखुरी में चुनाव के बाद लग्जरी रिजॉर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बंद लंबे समय से बंद पड़े 14 मोटल्स का संचालन शुरू होने लगा है। पर्यटन विभाग ने 2022 में इन मोटल्स को लीज में दिया था, जिसके बाद एजेंसी को मोटल्स को सवारने और संचालन शुरू करने डेढ़ साल का समय दिया गया था। वर्तमान में दुर्ग, रायगढ़ और कोरिया में ही मोटल्स शुरू हो चुके हैं। बचे 11 मोटल्स को शुरू होने में 4 से 5 महीने का समय और भी लग सकता है। ▶▶|शेष पेज 13 पर



### फैसिलिटी नहीं होने से बंद हुए थे मोटल्स

पर्यटन विभाग ने पहले इन रिजॉर्ट को तैयार करने पर करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन पर्यटकों को यहां आवश्यक फैसिलिटी नहीं दी। इस वजह से पर्यटकों ने भी यहां आना-जाना बंद कर दिया। अब विभाग ने ऐसे रिजॉर्ट को 30 साल के लिए लीज पर दिया है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

अलग खबर



चंदखुरी रिजॉर्ट

### माता कौशल्या धाम में रिजॉर्ट 80 फीसदी बनकर तैयार

श्रीराम के ननिहाल चंदखुरी माता कौशल्या धाम में लोगों को जल्द ही यहां ठहरने की सुविधा मिलेगी। पर्यटन विभाग राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत यहां लग्जरी रिजार्ट तैयार किया गया है, जिसका निर्माण कार्य 80 फीसदी पूरा हो चुका है। छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति थीम पर रिजॉर्ट का रंग रोगन किया गया है। दरवाजा और खिलाड़ियों के अलावा अन्य आवश्यक सुविधा का कार्य भी पूरा हो चुका है, जिसे चुनाव के बाद पूरा कर जल्द ही इसका लोकार्पण करने की तैयारी है। दोनों तालाब के समीप इस रिजॉर्ट को बनाया गया है, जिसमें लोगों को ठहरने के लिए 6 कमरों की सुविधा मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत हो गई। बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार एम्स अस्पताल में चल रहा है। शैलेंद्र विश्वकर्मा अपने दोस्त रविशंकर धीवर की बाइक ड्राइव करते हुए सरोरा से कुम्हारी जा रहा था। टाटीबंध चौक के पास ट्रक सीजी-19 बीके-4234 के चालक ने लापरहवाही से ट्रक चलाते हुए बाइक को सामने से ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने से बाइक चला रहे शैलेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक सवार रविशंकर घायल हो गया।

### डेढ़ किलो गांजा के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार



**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गांजा बेचने ग्राहक तलाशते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा जब्त किया है। गांजा बेचने के आरोप में तेलीबाांधा निवासी अभय मिरचे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभय को तेलीबांधा स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है। अभय के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट, चोरी, नारकोटिक्स एक्ट के अलावा अन्य मामले कई थानों में दर्ज हैं।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में लेन-देन विवाद को लेकर कीटनाशक पीकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने मृतक के सुसाइड नोट के आधार पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है। संदीप बग्गा ने खुदकुशी करने के पूर्व सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें मृतक ने नितेश मित्तल पर महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख रुपए देने के एवज में 16 लाख रुपए देने का वादा किया था। संदीप ने अपने सुसाइड नोट में रकम मांगे जाने पर नितेश के खिलाफ धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने उसी सुसाइड नोट के आधार पर नितेश के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है।

### संचालक हड़बड़ाए, कहा- नोटिस गलत, समस्या का स्थायी हल जरूरी

## चावल था नहीं, इसलिए गरीबों का कोटा एपीएल को बांट दिया, 109 दुकानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उचित मूल्य की दुकानों में बीपीएल कार्ड धारकों के लिए आबंटित किया गया चावल एपीएल कार्ड धारकों को बांटा जा रहा है, जिसके कारण बीपीएल धारकों को चावल नहीं मिल पाया है। इसकी शिकायत मिलने पर खाद्य विभाग ने जिले के 109 राशन दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया है। इधर दुकान संचालकों ने नोटिस को गलत बताया है। उनका कहना है कि एपीएल कोटे का चावल का आबंटन कम कर दिया गया है, साथ ही दो महीने का चावल वितरण भी किया जा रहा है। ऐसे में जो कार्ड धारक पहले आ रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता देते हुए खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। एपीएल कोटे का चावल मिलते ही बीपीएल धारकों को बांटा जाएगा। ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

### अब चावल पाने भटक रहे बीपीएल कार्डधारी

#### 109 संचालकों को नोटिस

बीपीएल कोटे का चावल एपीएल कार्ड धारकों को बांटने की शिकायत आई है। इन मामलों में 109 दुकानों के संचालकों को नोटिस जारी किया है। नोटिस के जरिए संचालकों से कहा गया है कि एपीएल कोटे का चावल को बीपीएल कार्ड धारकों को बांटें। इसके लिए संचालकों को एडवांस में एपीएल चावल का पूरा भुगतान करना होगा।

**- अरविंद दुबे**
जिला खाद्य नियंत्रक



#### मांग अनुरूप आवंटन नहीं मिलता

मांग के अनुरूप आवंटन नहीं मिलने से सभी कार्ड धारकों को वितरण नहीं कर पाते, जिसके कारण हितग्राही शिकायत करते हैं। विभाग को इसके लिए स्थाई हल ढूंढना चाहिए, जिससे हितग्राही और दुकान संचालक दोनों को परेशानी न हो।

**- नरेश बाफना,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पीडीएस संघ

#### दो महीने का चावल एक साथ बांटना भी एक कारण

नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के भंडारण केंद्रों में जगह की कमी को देखते हुए अप्रैल और मई का चावल एक साथ वितरण करने का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत एपीएल और बीपीएल ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### 50 से 15 क्विंटल कर दिया गया

सूत्रों के अनुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में पहले 130 राशन दुकानें संचालित थीं। जुलाई 2023 में 98 नई दुकानें खोली गईं, जिसके बाद दुकानों की कुल संख्या 228 हो गई है। राशन दुकानों के खुलने के बाद राशन कार्डों का बंटवारा भी हुआ है। इसके कारण किसी दुकान में 500, तो कहीं 700 से 1 हजार राशन कार्ड पंजीकृत हैं। इसके बाद विभाग ने एपीएल कोटे का चावल का आबंटन भी कम कर दिया है। पहले प्रति दुकान एपीएल कोटे का 50 क्विंटल चावल आबंटन किया जाता था, लेकिन इसे घटाकर अब 15 क्विंटल कर दिया गया है।

## रविवि एक जून से लेगा प्रवेश परीक्षाएं, खोले गए आवेदन पोर्टल अंतिम तिथि निर्धारित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारहवीं के परिणाम जारी होने के बाद महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों ने प्रवेश संबंधित तैयारियां तेज कर दी है। प्रतिवर्ष महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया 16 जून से प्रारंभ होती है। मौजूदा सत्र में भी इस तिथि से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने का अनुमान है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इसी माह शैक्षणिक कलैंडर जारी कर दिए जाएंगे। इसके बाद महाविद्यालयों द्वारा आधिकारिक सूचना जारी कर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- सेंटर फॉर बेसिक साइंस के लिए आवेदन 16 मई तक, 60 सीटों पर होंगे प्रवेश



### पूर्णतः आवासीय पाठ्यक्रम

उच्च शिक्षा में अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा के लिए स्थापित इस विशिष्ट पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से ही छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। 12वीं उत्तीर्ण छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। पूर्णतः आवासीय इस पाठ्यक्रम में 60 सीटें हैं। इसमें से 40 स्कालरशिप सीट है तथा 20 पेमेंट सीट है। इसमें 40 स्कालरशिप सीटों में प्रवेश प्राप्त सभी छात्रों को 5000 रुपए प्रति माह स्कालरशिप का प्रावधान है।

### अन्य विषयों के लिए भी परीक्षाएं जून में

रविवि यूटीडी में संचालित सीबीएस के साथ ही अन्य विषयों के लिए भी आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। रविवि ने सभी विषयों के लिए पोर्टल खोल दिए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। केवल सीबीएस के लिए ही रविवि ने अंतिम तिथि निर्धारित की है। सूत्रों के अनुसार, अध्ययनशाला में संचालित अन्य पाठ्यक्रमों के लिए मई अंत तक आवेदन होंगे। अन्य विषयों के लिए भी प्रवेश परीक्षाएं जून में आयोजित की जाएंगी।

## महादेव सट्टा एप के तार श्रीलंका के साथ कई और देशों से जुड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप भारत के साथ एशिया, खाड़ी देशों सहित दक्षिण आफ्रीका के देशों में संचालित किया जा रहा है। श्रीलंका में महादेव सट्टा एप का संचालन बर्खास्त पुलिसकर्मी अर्जुन यादव के माध्यम से किया जा रहा था। इसी के साथ ही सट्टा का संचालन खाड़ी के देशों सहित एशिया तथा दक्षिण आफ्रीका के कई देशों में संचालित होने की बात सामने आई है। देश के बाहर और किन-किन देशों में महादेव सट्टा एप का संचालन किया जा रहा है, इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी कर रही है।

जांच एजेंसी के अफसरों के मुताबिक श्रीलंका में महादेव सट्टा एप संचालन होने की अब तक पुष्टि हुई है। अफसरों के अनुसार विदेश में बैठे लोगों को महादेव सट्टा एप संचालन करने अपना अकाउंट भारत में खुलवाना होगा, तभी वह सट्टा एप के पैनल ऑपरेटरों से संपर्क कर पाएगा। जानकारों के मुताबिक महादेव सट्टा एप के संचालक जिन ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### श्रीलंका का महादेव एप के पैनल के लोगों से डायरेक्ट कांटेक्ट था


महादेव सट्टे पर ईओडब्लू के ताबड़तोड़ छापे कारोबारी, पुलिस कर्मियों के ठिकानों पर जांच

#### विदेशी रकम का हवाला के माध्यम से लेन-देन

सूत्रों के मुताबिक जिन देशों में सट्टा का संचालन किया जा रहा है, उन देशों की मुद्रा इंडियन अकाउंट में ट्रांसफर करने पर ट्रेस हो सकते हैं। इससे बचने के लिए सट्टा संचालक सट्टा से प्राप्त विदेशी आय को हवाला के माध्यम से प्राप्त कर रहे हैं। हवाला ट्रांजेक्शन को रोकना जांच एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती है।

#### इन देशों में सट्टा संचालन

जांच एजेंसियों को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक महादेव सट्टा एप खाड़ी के ज्यादातर देशों में संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही एशिया में श्रीलंका के साथ नेपाल, भूटान, मालद्वीप, सिंगापुर में संचालित किया जा रहा है। महादेव सट्टा एप के संचालक एशिया, खाड़ी के देशों के साथ आफ्रीका के छोटे देशों में सट्टा संचालित कर रहे हैं। जिन देशों में सट्टा का संचालन किया जा रहा है, वहां महादेव के साथ अन्य नामों से सट्टा संचालक सट्टे का संचालन कर रहे हैं।

UGC Approved
KK MODI UNIVERSITY

Backed by $1.5 BILLION MODI GROUP
INDOFIL INDUSTRIES LIMITED | Modicare | COLORBAR
ADMISSION OPEN
Avail Up To 100% SCHOLARSHIP On The Basis Of 12th Result
30 SEATS IN EACH BATCH ONLY
APPLY NOW
Avail Early Bird Scholarship 25% Before 30th May
B.TECH (CSE): Artificial intelligence and Machine Learning | Computer Science Engineering Cloud Computing and Virtualization Cyber Security & Digital Forensics Healthcare informatics Information Technology.
B.DES COMMUNICATION DESIGN: Graphics/ Animation & VFX | UI/UX Design Film/Video/Photography Design
M.COM (H): Accounts & Finance | Financial & Stock Markets Analysis
M.TECH: Artificial Intelligence & Machine Learning Cloud Computing & Virtualization Cyber Security| Full Stack Development UI/UX | IOT | Image Processing DevOps.
BBA: Digital Marketing | Marketing Mass Media | Direct Sales & Marketing Entrepreneurship | Hospital Management | Hotel Management Human Resource Management Business Analytics | Supply Chain Management | Finance Family Business.
B. DES: Interior Design | Jewellery Design Fashion Design
MBA | E-MBA: Business Analytics | Digital Marketing Entrepreneurship | Finance Hospital Management Hotel Management | HRM | Mass Media Marketing | Supply Chain Management
B.COM (H): Accounts & Finance | Company Law Financial & Stock Market Analysis Entrepreneurship | Banking & Financial Analysis | Practical Accountancy
BCA: Data Analytics | Mobile Computing
MCA: Data Analytics | Mobile Computing
INTEGRATED: BBA+MBA | B.TECH+MBA B.TECH+M.TECH
B.Sc IN NUTRITION & DIETETICS
BACHELORS IN TOURISM & TRAVEL MANAGEMENT.
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AC BUS FACILITY AVAILABLE FROM RAIPUR, BHILAI-DURG AND RAJNANDGAON
78800-57570
info@kkmu.edu.in
www.kkmu.edu.in
Mahamara, Jalbandha Road, Durg, Chhattisgarh
Deepak Advertisers

NEET एवं JEE एक जुनून है और GOAL इसकी शुरुआत!
GOAL® Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute
Congratulations... Passed in 10th & 12th C.B.S.E. Board
50% Scholarship for Top-10 Rank Achiever in C.G. / CBSE Board's 10th & 12th Exam Result
GOAL's Result - CLASS - 12th
91% | 87% BHAGYASHREE | 84% SHREYA DEWANGAN
83% SUKHLEEN KOUR | 82% NIKET KATARIA | 78% SUMIT KUMAR

Ishika Chakraborty With Parents
78% ROUNAK CHOPRA | 76% SANSKRITI | 75% RITIKA SAHU | 74% MD. ANIK KHAN | 72% SHUBHAM
67% SHRADDHA | 60% DUSHYANT
CLASS - 10th: 80% AANJANEY DUBEY | 76% TRIPTI SAHU
DROPPER BATCH NEET / JEE & 9th | 10th | 11th | 12th Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May
RAIPUR | BHILAI | BHILAI | BHILAI

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय रायपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान : हरिभूमि कार्यालय
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4242238

## नक्सल मुठभेड़ की जांच के लिए कांग्रेस ने बनाई समिति

रायपुर। बीजापुर के पीडिया में हुए नक्सली मुठभेड़ की जांच के लिए कांग्रेस ने पूर्व विधायक संतराम नेताम की अगवाई में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जारी आदेश में कहा है कि जांच समिति के सदस्य घटनास्थल का दौरा कर ग्राम वासियों से घटना के संबंध में पूरी जानकारी लेकर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देंगे। कांग्रेस ने घटना में निर्दोश ग्रामीण आदिवासियों को गोली मारने की गंभीरता से लिया है। समिति में संतराम नेताम को संयोजक बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में इंद्रशाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनकराम ध्रुव, सावित्री मंडावी, देवती कर्मा, रजनू नेताम और शंकर कुडियाम को शामिल किया गया है।

## अहाता आवंटन में बड़ा घोटाला शराब बिक्री बढ़ाने में लगी सरकार

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, एयर कूल्ड अहाते बनाकर शराब बिक्री को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अहाते आबंटन में बड़ा घोटाला साय सरकार ने किया है। अहातों के नाम पर सरकार शराब की काली कमाई में लगी हुई है। पूरे प्रदेश में कुछ लोगों को चिन्हांकित कर अहाते आंबटित किये गये हैं। एक ही ईमेल आईडी से दर्जनों अहाते के टेंडर डाले गये, उसकी स्वीकृत भी हुई है। प्रभावशाली भाजपा नेताओं की अनुशंसा पर अहाते आबंटित किये गये हैं। भाजपा सरकार के राज में शराब की कोचियागिरी शुरू हो गयी है।

# रसोई गैस की कीमत चार साल में कई बार घटी-बढ़ी, पर सब्सिडी आज भी महज 61 रुपए

### अक्टूबर 2020 में कीमत 665 रुपए थी, जुलाई 2023 में 1174 और वर्तमान में 874 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रसोई गैस की कीमत बीते चार साल में कम-ज्यादा होती रही है। चार साल पहले जब अक्टूबर 2020 में रसोई गैस की कीमत जब 665 रुपए थी तो सब्सिडी के 61.24 रुपए आते थे। इसके बाद कीमत बढ़ते हुए बीते साल 1174 हो गई थी। बाद में कीमत में दो बार कमी हुई तो आज कीमत राजधानी रायपुर में 874 रुपए है, लेकिन सब्सिडी आज भी महज 61.24 रुपए ही आ रही है।

राजधानी रायपुर में इस समय रसोई गैस की कीमत 874 रुपए है। अक्टूबर 2020 में रसोई गैस की कीमत 665 रुपए थी। नवंबर में इस कीमत में कोई इजाफा नहीं हुआ, लेकिन दिसंबर में कीमत सीधे सौ रुपए बढ़ गई और जा पहुंची 765 पर। यही कीमत 2021 जनवरी में भी रही। फरवरी में 75 रुपए कीमत बढ़ी और रेट हो गया 840 रुपए। मार्च में जहां कीमत में 50 रुपए का इजाफा हुआ, वहीं अप्रैल में कीमत पहली बार 10 रुपए कम हुई। अप्रैल में कीमत 880 रुपए थी। यही कीमत मई और जून में भी रही, क्योंकि दो माह कीमत में इजाफा नहीं किया गया, लेकिन जुलाई और अगस्त में कीमत में 25-25 रुपए का इजाफा किया गया। अगस्त में कीमत 931 रुपए थी। सितंबर में जहां कीमत में 25 रुपए बढ़ाए गए, वहीं अक्टूबर में कीमत 15 रुपए बढ़ी है। नवंबर से कीमत में पांच राज्यों में चुनाव के कारण कोई इजाफा नहीं किया गया।

### सब्सिडी महज 61 रुपए, वो भी नियमित नहीं

अक्टूबर 2020 में जब कीमत 665 रुपए थी, उस समय उपभोक्ताओं के खाते में 61.24 रुपए सब्सिडी आ रही थी। गैस की कीमत में लगातार इजाफा होने के बाद भी 61.24 रुपए की ही सब्सिडी आती रही। अगस्त 2023 से मार्च 2024 के बीच में कीमत तीन सौ रुपए कम हुई है, लेकिन जहां तक सब्सिडी का सवाल है तो आज भी वहीं चार साल पहले वाली 61.24 रुपए की सब्सिडी आती है, लेकिन यह सब्सिडी भी नियमित नहीं है। कभी आई तो कभी नहीं आई। इसके बारे में जवाब देने वाला कोई नहीं है। ग्राहक गैस एजेंसी से बात करते हैं तो एजेंसी वाले कहते हैं, इसके बारे में हमें जानकारी नहीं है। अगर कोई ग्राहक बैंक में बात करता है तो बैंक वाले कहते हैं, इसके बारे में हम क्या बताएं, सरकार सब्सिडी भेजती है तो खाते में आ जाती हैं, नहीं भेजती है तो नहीं आती है।

**बेहतर प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री ने भाजपा मीडिया विभाग को सराहा**

# विस-लोस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सीएम ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





■ मुख्यमंत्री निवास में मीडिया विभाग के लिए हुआ विशेष कार्यक्रम

मुख्यमंत्री निवास में भाजपा मीडिया विभाग के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया विभाग को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी। श्री साय ने कहा विधानसभा चुनाव में विपरीत परिस्थितियों में भी मीडिया विभाग पूरी तरह सक्रिय रहा और लोकसभा चुनाव में भी सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इसके लिए मैं सभी को बधाई देता हूं। श्री साय ने कहा आप सभी के साथ मुलाकात करने का मन काफी दिनों से था, आज सभी से मिलकर बहुत अच्छा लग रहा है। आपमें से 90 प्रतिशत को नाम से जानता हूं। लगातार आप लोगों को टीवी पर देखता भी हूं। सभी ने बहुत अच्छा काम किया है। कार्यक्रम के दौरान प्रवक्ता के सुझावों पर बोलते हुए श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक बड़ी मुहिम छेड़ी है। हमें बस अब कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद से मुक्त कराना है, ताकि छत्तीसगढ़ में संपूर्ण विकास हो सके। इस दौरान श्री साय ने हाल ही का किस्सा साझा करते हुए बताया कि वैसे तो वे शांत स्वभाव के हैं, लेकिन जनता की समस्या का निवारण न होने पर क्रोधित हो जाते हैं। हाल ही के एक जिले में बिजली समस्या ठीक न होने पर उन्होंने अधिकारियों को अल्टीमेटम दे दिया था कि अगर कल तक बिजली समस्या ठीक न हुई तो सभी सस्पेंड होंगे।

### ये रहे मौजूद

*कार्यक्रम में लक्ष्मी वर्मा, संदीप शर्मा, रसिक परमार, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, रंजना साहू, देवलाल ठाकुर, अमित साहू, अशोक बजाज, डॉ. विमल चोपड़ा, नवीन मार्कण्डेय, हर्षिता पांडेय, गौरीशंकर श्रीवास, मुकेश शर्मा, बृजेश पांडेय, अमरजीत छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, राजीव चक्रवती, जेपी चंद्रवंशी, अवधेश जैन, डॉ. किरण बघेल, निश्चय वाजपेयी, तौकीर रजा, रविंद्र सिंह, राहुल टिकरिया, सुनील चौधरी, सौरभ जागृत, निशिकांत पांडेय, अनिल पुरोहित, राहुल राय, वंदना राठौर मौजूद रहे।*




**CBSE बोर्ड** की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं भारतीय शैक्षिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण हैं। यह परीक्षाएं छात्रों के शैक्षिक प्रतिष्ठान और उनके भविष्य को निर्धारित करने का एक महत्वपूर्ण प्रमाण होती हैं। 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं उन अहम पथ प्रदर्शन करती हैं, जिनसे छात्र अपनी पढ़ाई को समझते हैं और उन्हें अपने भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार करती हैं। CBSE बोर्ड की परीक्षाओं में अच्छे परिणाम प्राप्त करना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है। यह उनकी मेहनत, समर्पण और आत्म-संवाद का परिणाम होता है। अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले छात्रों को उनकी कठिनाइयों और प्रतिबद्धता के लिए सराहना मिलती है, और वे अपने उज्जवल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ते हैं।अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके प्रयासों और उत्तीर्णता की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। क्योंकि उन्होंने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम और समर्पण किया है। उन छात्रों को भी प्रेरित किया जाना चाहिए जो परीक्षा में सफल नहीं हुए हैं। यह उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण सबक है, जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए मजबूर करता है और उन्हें विफलता से सीखने की प्रेरणा देता है। उन्हें यह जानकर प्रेरित होना चाहिए कि सफलता एक यात्रा है, और वे निरंतर प्रयास करते रहें। ये छात्र हमारे देश के भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार होंगे और उन्हें उच्चतम शैक्षिक मानकों का पालन करने का बड़ा संदेश होगा। एक छात्र के जीवन में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं एक महत्वपूर्ण मोड़ होती हैं जो उनके भविष्य को निर्धारित करती हैं। इन परीक्षाओं में अच्छे परिणाम प्राप्त करना छात्रों के लिए गर्व की बात होती है। उनके परिणाम उनके मेहनत और ईमानदारी का परिणाम होते हैं।

Contact for Ad- 7987119756





















## खबर संक्षेप

### तुलसी की छात्रा विधि को 94 प्रतिशत अंक



**तिल्दा नेवरा।** कार्मल पब्लिक स्कूल तुलसी (तिल्दा) की छात्रा विधि वर्मा ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा 10वीं में 93.8% अंको के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल तथा नगर को गौरवान्वित किया है। छात्रा मूल ग्राम सिनोधा व वर्तमान में श्यामनगर कालोनी तिल्दा की निवासी है। छात्रा के पिता योगेश वर्मा मिडिल स्कूल सतभांवा व माता श्री मती उत्तरा वर्मा मिडिल स्कूल बहेसर में शिक्षक है। छात्रा के माता पिता ने बताया है कि उनका लक्ष्य डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना है। कार्मल स्कूल के प्राचार्य सिबा सिस्टर ने कहा है कि छात्रा शुरू से स्कूल में होनहार छात्रा रही है। छात्रा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय स्कूल के क्षिक/शिक्षिकाओं,माता -पिता को दिया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

### 55 पौवा शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** थाना तिल्दानेवरा को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत एक व्यक्ति मो.सा. TVS एक्सल क्रं. CG04 NY1446 में अवैध रूप से एक सफेद रंग की बोरी में शराब बिक्री करने हेतु ग्राम बिलाड़ी की ओर जा रहा है, सूचना पर सादी फार्म के पास एक व्यक्ति बाइक सीजी 4 एनवाय 1446 में एक सफेद रंग की बोरी में कुछ सामान रखा हुआ मिला जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकडे.गये व्यक्ति का नाम पता पुछने पर अपना नाम डामर सिंग कनौजे पिता शंकर कन्नौज कन्नौजे उम्र 20 वर्ष ग्राम बिलाडी का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से मोटर सायकल में रखे एक सफेद रंग की बोरी के अंदर 55 पौव्वा देशी मदिरा मशाला को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा-34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

# भूजल स्तर गिरने से क्षेत्र में बढ़ा जल संकट, टैंकर के भरोसे नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

गर्मी आते क्षेत्र तपने लगता हैं, वहीं पानी की आवश्यकता के अनुरूप मांग व खपत बढ़ती जाती है। जहां लगातार वाटर लेवल गिरने से पीने की समस्या बनी रहती है। जोकि नया रायपुर से लगा हुए क्षेत्र नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी पीने की पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। जहां अब नगर और गांव दोनों में पानी टैंकर के आने का राह ताकना पड़ता है। जहां टैंकर के आते ही

महिला पुरुष का पानी के लिए झुंड उमड़ पड़ते हैं। वहीं पूरे देश में केंद्र सरकार द्वारा अमृत नल जल योजना के तहत करोड़ों रुपए खर्च किया जा रहा है। जहां नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद, नकटा व छतौना में हर वर्ष गर्मी आते ही पानी की किल्लत बढ़ जाती है। जहां हैंडपंप व बोर सभी हापने लगते हैं। वहीं क्षेत्र में अमृत नल,जल योजना का काम धीमी गति से चल रहा है। जिसको देखने से ऐसे प्रतीत होता है कि आने वाले दो साल तक नल जल योजना की काम पुरा नहीं हो पायेगा। नगर तथा क्षेत्र के लोगों को और इन्तजार करना पड़ेगा।

**टैंकर के आते ही महिला व पुरुष पानी के लिए उमड़ पड़ते हैं**






#### जर्जर पानी टंकी दुर्घटना को दे आमंत्रण

जबकि वहीं पूर्व में निर्मित पानी टंकी जर्जर हालत हो चूके हैं। जो बरसों से बंद पड़ा हुआ है। जिसके आसपास स्थित परिवार के लिए खतरा बना हुआ है, जर्जर पानी टंकी के गिरने से कभी भी बड़ी घटना घट सकती हैं। जिस पर न तो नगर पालिका ध्यान दे रहे और नाही पीएचयू के जिम्मेदार अधिकारी जो घटना होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जिसमें से प्लास्टर उखड़ कर गिर रहे है। जिसके कारण पानी टंकी के छड़ियां भी बाहर झाक रहे है।

**प्रवचन : श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह के तृतीय दिवस पर भक्त प्रहलाद की कथा बताई**

# ज्ञान और भक्ति के परिपक्व होने पर ही जीव संसार से मुक्त हो सकता है: आचार्य युगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार को श्री सार्वजनिक गौरागुड़ी समिति केवशी लोधी पारा के भक्तिमय आयोजन श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह के तृतीय दिवस पर व्यास पीठ से आचार्य युगल किशोर शर्मा ने श्री राधे नाम संकीर्तन के साथ कथा की शुरुआत की एवं जड़ भरत चरित पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैर और वासना से नया प्रारब्ध उत्पन्न होता है और दूसरी बार जन्म लेना पड़ता है इसलिए जड़ भरत हर तरह से मन पर अंकुश रखते हैं। उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा कि ज्ञान और भक्ति के परिपक्व होने पर ही जीव संसार वृक्ष से इस तरह अलग हो सकता है जिस प्रकार परिपक्व होने पर फल अपने आप वृक्ष से अलग होकर गिर पड़ता है।

उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में तुलसी बाबा ने एक सुंदर चौपाई लिखी है। निर्मल मन जन सो मोहि पावा मोहि कपट छल छिद्र न भावा किंतु मन तभी पवित्र होगा जब हम आंखों को भगवत स्वरूप में स्थित करेंगे क्योंकि वासना का प्रवेश आंखों के माध्यम से ही होता है। पंडित जी ने आगे कहा कि अजामिल शब्द का अर्थ है अज का अर्थ है माया और माया में फंसा हुआ जीव ही अजामिल है, उन्होंने भगवान के नाम की महिमा का यशोगान करते हुए कहां की अजामिल ने यमदूतों के आने पर अपने पुत्र नारायण को पुकारा जिससे विष्णु दूत आ गए और कहा कि भले ही अनजाने में ही इसने भगवान का नाम लिया है अतः इसके पाप नष्ट हो गए हैं जैसे अग्नि पर अनजाने में भी पैर पड़े तो जलन तो होती ही है इसी प्रकार प्रभु का नाम लेने से कल्याण अवश्य ही होता है। श्रीमद् भागवत गीता में स्पष्ट है कि कर्म करते रहिए किंतु मन ही मन प्रभु से अपना संबंध बनाए रखिए इससे नाम जप रूपी धन बढ़ेगा और जीव कल्याण की ओर बढ़ेगा अजामिल इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि भले ही उसने अपने पुत्र नारायण को पुकारा किंतु भगवान का नाम होने के कारण उसकी अप मृत्यु टल गई।



**औरों को उपदेश दे और उसे स्वयं अपने जीवन में न उतारे वह असुर ही होता है**

आचार्य युगल ने कहा कि ऐसे कई दृष्टांत हैं जिससे स्पष्ट है कि यदि हृदय से प्रायश्चित हो तो पापों का नाश होता है इसलिए भगवान को शरणागत बच्छल कहा जाता है, तत्पश्चात श्री व्यास पीठ से महाराज जी ने श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा का भजन कराया जिससे श्रोतागण गदगद होकर संकीर्तन करने लगे। वहीं वृतासुर के प्रसंग को पंडित जी ने बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया और भक्त प्रहलाद प्रसंग में आचार्य शर्मा ने कहा कि हिरण्यकश्यप ज्ञानी तो था किंतु उसका ज्ञान अहंकार से भरा हुआ था जो औरों को उपदेश दे स्वयं उसे अपने जीवन में न उतारे वह असुर ही होता है पंडित जी ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रहलाद का चरित्र हमें यही सिखाता है की बाल्यावस्था से ही ईश्वर भजन में लीन हो जाना चाहिए एवं माता-पिता को चाहिए कि बालपन से ही अपने संतानों में धार्मिक संस्कारों को उत्पन्न करें बुद्धिमान पुरुष यौवन और वृद्धावस्था की प्रतीक्षा नहीं करता प्रहलाद को मारने के लिए अनेक प्रयास किए गए किंतु यह बात किसी से छिपी नहीं है।

# शासकीय विद्यालय टोहड़ा का परिणाम रहा उत्कृष्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवर।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया 1 जिसमें ग्रामीण अंचल के विद्यालय टोहड़ा का परीक्षा परिणाम बेहद ही आकर्षक रहा ।

कक्षा दसवीं का परिणाम 89 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा दसवीं से 89.1% के साथ सौरभ वर्मा ने प्रथम स्थान ,88.37% के साथ पद्मिनी यादव ने द्वितीय ,86.5% अंक के साथ रोशनी वर्मा तृतीय स्थान पर रही 1 वही कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 100% प्रतिशत रहा 1 जिसमें 18 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और एक विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए 1 वाणिज्य संख्या का परिणाम भी 100% रहा। और कला संकाय का परिणाम 92 .8% रहा 1 कक्षा 12वीं में गुलशन कुमार वर्मा 86% अंकों के साथ प्रथम, कुमारी टिकेश्वरी वर्मा 84.8% अंक के साथ द्वितीय,और कुमारी मानसी वर्मा 84.6% अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही।

विद्यार्थियों के इस अविस्मरणीय परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय परिवार के समस्त गुरुजनों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता श्री दिनेश कुमार आडिल ने दी।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कागदेही में नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को आरंग पुलिस ने गिरपतार कर लिया है।

थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता ने एक लिखित आवेदन दिया कि कागदेही बाजार सब्जी लेने गई हुई थी की इसके गांव का ही लड़का उमेश कोसले पीछे से आकर धक्का देकर पीड़िता का हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा जिस पर उनके परिचित के चाचा जगदीश साहू द्वारा मना करने पर आरोपी ने गाली गुफ्तार कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। मारपीट करते देखकर आरोपी का भाई तेज प्रकाश कोसले भी आकर पीड़िता के चाचा जगदीश साहू को लकड़ी चिरान डंडा से उसके सर पर मार दिया जिससे उनके सर से खून बहने लगा जिसे देखकर दोनों भाई वहां से फरार हो गए। प्रार्थिया के लिखित शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर तत्काल ग्राम कागदेही में जाकर पतासाजी किया गया जहां आरोपी उमेश कोसने और उसका भाई तेज प्रकाश कोसले को पुलिस अभिरक्षा में लाकर थाना लाया गया जिससे पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकारने पर उन्हें गिरफ्तार कर 15 दिन के रिमांड पर माननीय न्यायालय रायपुर भेजा गया है।



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला -रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक / 202404116400066 /
अ-6/2023-2024 ग्राम माना प.ह.नं. 80
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

रायपुर, दिनांक 27/04/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक छत्रपाल पटेल पिता स्व. नारायण पटेल निवासी वार्ड नंबर 01 माना बस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम माना पटवारी हल्का नंबर 80 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 18 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 833/1, 931/2, 938/1, 938/2, 1136, 1115/ 2 कुल रकबा 0.2060 हे. भूमि नारायण पटेल पिता स्व. प्यारी पटेल के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उपरोक्त भूमि के भूमिस्वामी नारायण पटेल पिता स्व. प्यारी पटेल का निधन दिनांक 09/02/2015 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसानगण श्रीमती जग बाई पटेल पति स्व. नारायण पटेल, 02 छत्रपाल पटेल, 03 रमाकांत पटेल, 04 रुखमणी पटेल, 05 नीतू पटेल सभी पिता स्व. नारायण पटेल है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नही है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर मृतक का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसानो का नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है ।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 20/05/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

दिनांक 13.05.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कल्लू प्रसाद पिता स्व. बाबुराम निवासी ग्राम तेन्दुआ की ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं.32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 धनेली तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 384/3 रकबा 0.1540 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक / वाचक / तह/ 2023-24 आदेश दिनांक 07.03.2024 के परिपालन में दिनांक 20.05.2024 को समय 03:00 बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर -19, धनेली

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एम.ए. फुड प्रोडक्ट्स द्वारा पार्टनर श्री जयेश सचदेव आत्मज श्री अजय सचदेव निवासी रूपरेला गली रमण मंदिर वार्ड रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पिन नं. 492001 के द्वारा ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 राजस्व निरिक्षक मण्डल सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. की निम्न भू-स्वामीयो से उनकी हक स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि क्रय कर पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाने वाला है।

1. भू-स्वामी- फेरहा पिता नंदलाल निषाद निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 खसरा नं. 467, 464 रकबा 0.120, 0.100 हे.
2. भू-स्वामी मंगलू साहू पिता रामदयाल निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 की भूमि खसरा नं. 460, 474, 476 रकबा 0.030, 0.070, 0.030 हे.
3. भू-स्वामी गुहाराम पिता श्री कार्तिक साहू निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 की भूमि खसरा नं. 490, 450, 451 रकबा 0.070, 0.040, 0.040 हे.

अतः किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिपत्य के संबंध में कोई भी दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित या मोबाईल नं. 9301307152, 8770903083 पर सुचना देकर आपत्ति सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करे सात दिवस के पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा तथा अवैध व शुन्य माना जावेगा।

**सो सूचना जाने।**

दिनांकः 13.05.2024
स्थानः सिमगा

सूरज कुमार गुप्ता,
अधिवक्ता सिविल कोर्ट
सिमगा

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक- 9387 दिनांक 20.10.2009 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एफ1सी, ब्लॉक-09/302, को श्रीमति भेनु मनु पति श्री इन्दीवर शंकर मनु एवं श्री इन्दीवर शंकर मनु पिता श्री राम सिंह मनु, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 30.12.2011 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमति भेनु मनु पति श्री इन्दीवर शंकर मनु एवं श्री इन्दीवर शंकर मनु पिता श्री राम सिंह मनु निवासीः - एल.आई.जी. - 215, हाउसिंग बार्ड कालोनी, सड्डू, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति ममता झा पति श्री उमेश कुमार झा, निवासीः- न्यू ग्रीन सिटी (बाली गुमा) डिमना रोड, मानगो जमशेदपुर पूर्वी सिंह भूमि झारखण्ड, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एफ1सी, ब्लॉक- 09/302, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी**
**परियोजना नवा रायपुर, अटल नगर**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## पेज 11 के शेष...

### खुलने लगे बंद पड़े...

पर्यटन विभाग से मिली जानकारी मुताबिक रायपुर में केंद्री और माना-तूता में भी मोटल्स को लीज में दिया गया था, जिसका काम तेजी से हो रहा है। दो महीने बाद लोगों के लिए इसे भी शुरू कर दिया जाएगा। केंद्री में एनआरडीए से अनुमति का पेंच फंसा हुआ है, जिसके कारण इसमें समय लग सकता है। माना-तूता में लोगों को लग्जरी रिजॉर्ट से साथ आधुनिक सुविधा भी मिलेगी।

**सितंबर के बाद प्रदेश में 25 से ज्यादा होंगे रिजॉर्ट :** पर्यटन विभाग ने 30 साल के लिए एजेंसी को रिजॉर्ट और मोटल छूट के साथ लीज पर दिए हैं, ताकि अपने अनुसार रिजार्ट को नया रूप दिया जा सके। इसी तरह सरगांव, रायगढ़, राजनांदगांव समेत अन्य 8 जगहों पर बंद रिजॉर्ट को एजेंसी नया रूप दे रही है। सितंबर के बाद प्रदेश में रिजॉर्ट की संख्या 25 से अधिक हो जाएगी। आमदनी बढ़ाने यहां एजेंसी बार के साथ स्वीमिंग पूल, गेम जोन के अलावा मिनी थिएटर जैसी फैसिलिटी देगी।

### फैसिलिटी नहीं होने से...

यहां पर्यटकों को बार, स्वीमिंग पूल, स्पोर्ट्स व गेम जोन के अलावा मिनी थिएटर की सुविधाएं दिए जाने की तैयारी है। विभाग ने रिजॉर्ट का संचालन शुरू करने डेढ़ साल की मोहलत दी है। अगस्त से सितंबर के बीच छत्तीसगढ़ के आधे दर्जन जिलों में रिजॉर्ट की सुविधा बढ़ जाएगी। एजेंसी फैसिलिटी बढ़ाने में जुटी हुई है।

### चावल था नहीं, इसलिए...

**वन नेशन वन कार्ड योजना भी बन रही समस्याः** वन नेशन वन कार्ड योजना के कारण किसी भी कार्ड धारक को खाद्यान्न देने से दुकान संचालक मना नहीं कर सकता। ऐसा करने वाले संचालक के विरुद्ध शिकायत पर विभाग कार्रवाई कर सकता है। इसे देखते हुए संचालक दूसरी दुकान के पंजीकृत कार्ड धारकों के अलावा दूसरे शहर व राज्य के हितग्राहियों को भी खाद्यान्न वितरण कर रहे हैं। इसके कारण भी एपीएल कार्ड धारक को बीपीएल कोटे का चावल बांटा जा रहा है।

**अब एपीएल कोटे का बीपीएल धारकों को बांटा जाएगा चावलः** बीपीएल कोटे का एपीएल कार्ड धारकों को चावल बांटे जाने के कारण कई दुकानों के साफ्टवेयर में बीपीएल कोटे का चावल माइनस दिखा रहा है। अपनी गलती सुधारने के लिए संचालकों को अब एपीएल कोटे का चावल की खरीदी करके बीपीएल कार्ड धारकों को बांटना होगा।

### दो महीने का चावल...

कोटे के अनुसार दुकानों को चावल की सप्लाई करना था, लेकिन नान और सप्लायर एजेंसी की लापरवाही के कारण दुकानों को चावल की सप्लाई काफी धीमी गति से की गई। ये दोनों कारण से भी दुकान संचालकों ने एपीएल हितग्राहियों को बीपीएल कोटे का चावल बांट दिया।

### रविवि एक जून से...

इसके पूर्व रविवि द्वारा अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। सीबीएस के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 मई निर्धारित की गई है, जबकि अन्य विषयों में आवेदन के लिए अंतिम तिथि की घोषणा अभी नहीं की गई है। विवि द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, रविवि के मूल विज्ञान केंद्र (सीबीएस) में संचालित हो रहे पंचवर्षीय एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम के सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए प्रवेश-परीक्षा एक जून को आयोजित होगी।

प्रवेश परीक्षा के फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.prsu.ac.in/ www.prsuu-niv.in** पर जाकर भरे जा सकते हैं। पाठ्यक्रम, प्रवेश-प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए छात्र सेंटर फार बेसिक साइंसेज कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### महादेव सट्टा एप के...

देशों में सट्टा एप का संचालन कर रहे होंगे, उन देशों में भी अपना अकाउंट खुलवाए होंगे, तभी वहां से सट्टा संचालन कर सट्टे की रकम विदेशी अकाउंट में ट्रांसफर करा रहे होंगे। इंडियन अकाउंट में विदेशी अकाउंट से रकम ट्रांसफर कराने पर इस बात की जानकारी जांच एजेंसियों को बैंकों के माध्यम से मिल सकती है। इस वजह से सट्टा संचालक जिन देशों में सट्टा संचालन कर रहे होंगे, उन देशों में अपने या अपने करीबियों का अकाउंट खुलवाकर सट्टा संचालित कर रहे होंगे।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes • Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal attention on each students • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
• Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com

Eicher School Bus



ASSURANCE OF SUPERIOR SAFETY
• RELIABLE AND STRONG • NEXT GEN FEATURES
• BENCHMARK OF SAFETY • COMFORT & CONVENIENCE
EICHER PARTNERING PROSPERITY
GK Automotive Pvt Ltd
Opp. Kabir Nagar, Sondongri, Ring Road No.-2, Raipur (C.G.) Mo.: 98268 97000
BRANCHES: DURG | RAJNANDGAON DHAMTARI | MAHASAMUND BALODA BAZAAR
Contact to Add Your School - 79871-19756

## खबर संक्षेप



### एक्सप्रेस-वे, केनाल लिंक रोड की सफाई

**रायपुर।** निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को शंकरनगर के शहीद भगत सिंह चौक के पास एक्सप्रेस-वे मार्ग, डूमरतराई, फुंडहर चौक, केनाल लिंकिंग रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित मार्ग में उग आई झाड़ियों की सफाई कराकर मार्ग को सुव्यवस्थित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही रोड डिवाइडर में आवश्यक रंग-रोगन कराकर उसे साफ-सुथरा रखने हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता राजेश राठौर, संजय वर्मा उपस्थित रहे।

### शहीद स्मारक में मनाई आदिशंकराचार्य जयंती



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा शहीद स्मारक भवन में आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भव्य शोभायात्रा, पूजन-अर्चन, भोजन प्रसादी, शंकराचार्यजी पर व्याख्यान, प्रतिभा सम्मान, विशिष्टजनों का सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम भी हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा के अलावा विधायक मोतीलाल साहू, महंत रामसुंदर दास और समाज से अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. महेश गिरि, महंत सच्चिदानंद गिरि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय गोस्वामी महासभा दिल्ली शामिल हुए।

### भगवानू बने पत्रकार महासंघ के विधिक सलाहकार

**रायपुर।** पत्रकार महासंघ की जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार



को महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव के निर्देशानुसार हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज दास, महासचिव दुलारे अंसारी सहित समस्त सदस्यों की सर्वसम्मति से पत्रकार महासंघ का विधिक सलाहकार अधिवक्ता भगवानू नायक को नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्वीकार करते हुए पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा अधिवक्ता श्री नायक को विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया।

### महापौर आज लेंगे पेयजल आपूर्ति संबंधी बैठक

**रायपुर।** गांधी सदन में 14 मई को दोपहर 1 बजे शहर में पेयजल आपूर्ति , टैंकर और बोरवेल खनन को लेकर महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई है। बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता मनोज वर्मा, जलकार्य विभाग अध्यक्ष सतनाम पनाग सहित वार्डों के पार्षद और सभी जोन के कमिश्नर मौजूद रहेंगे। बैठक में दस जोन के कार्यपालन अभियंता, उप-अभियंता, मिशन अमृत की पूरी टीम, जलकार्य विभाग, रावणभाठा फिल्टर प्लांट की टीम के अलावा आईएचपी की टीम उपस्थित रहेगी।

# गर्मी की छुट्टी को शासन की सहमति मिलते ही मेडिकल कालेज में आवेदन के ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

मई के शेष दिनों और पूरे जून में शासकीय मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में पचास फीसदी चिकित्सकों के भरोसे मरीजों का इलाज होगा। डाक्टरों के ग्रीष्मकालीन की छुट्टियों को शासन की ओर से सहमति दी गई है, जिसके बाद आवेदन के ढेर लग गए। नियम के मुताबिक चिकित्सा शिक्षकों को गर्मी में महीनेभर की छुट्टी देने का नियम है।

जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के दौरान लागू आचार संहिता की वजह से डाक्टरों की छुट्टियां मई के शुरुआती दिनों में प्रभावित हुई थीं। इसे लेकर पिछले दिनों मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने शासन से पत्र व्यवहार किया था। राज्य में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आचार संहिता में थोड़ी छूट दी जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा चिकित्सका शिक्षकों की छुट्टियां प्रदान करने के लिए सहमति प्रदान की गई थी। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को पत्र जारी होने के बाद विभिन्न शासकीय मेडिकल कालेजों में नियमित रूप से सेवा देने वाले चिकित्सा शिक्षकों द्वारा छुट्टी के लिए आवेदन आने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरु स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में इसके लिए डेढ़ दर्जन आवेदन आने की चर्चा है।

माना जा रहा है कि मई के दूसरे पखवाड़े से छुट्टियों का दौर शुरू होगा और संचालित होने वाले तमाम विभागों का काम आधी फैकल्टी के माध्यम से पूरा होगा। सीनियर के साथ एसआर और जेआर को गर्मी की छुट्टियां देने का प्रावधान होता है।

## जून तक पचास फीसदी डाक्टरों की मौजूदगी में होगा मरीजों का इलाज

### प्रभावित नहीं होता काम

मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अरविंद नेरल के मुताबिक छुट्टियों के दौरान मेडिकल कालेज तथा अस्पताल से संबंधित काम प्रभावित नहीं होता। विभागवार के चिकित्सक आपसी समझ और समन्वय के साथ अवकाश लेते हैं। चिकित्सक न्यूनतम पंद्रह और अधिकतम माहभर की छुट्टियां ले सकते हैं। चिकित्सक शिक्षा से संबंधित होने और रविवार तथा अन्य अवकाश में ड्यूटी करने की वजह से चिकित्सकों को मई-जून में छुट्टी देने का प्रावधान होता है।



नियमित चिकित्सा शिक्षकों को गर्मी में माहभर की छुट्टी दिए जाने का नियम

### गर्मी में कम होते हैं मरीज

इधर चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि तेज गर्मी होने के बाद अस्पतालों की नियमित ओपीडी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या कम हो जाती है। लोग कड़ी धूप में बाहर निकलना कम पसंद करते हैं। ओपीडी के दौरान ज्यादातर वही लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें इमरजेंसी होती है अथवा जांच अति आवश्यक होती है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सामान्य दिनों में 1800 तक पहुंचने वाली ओपीडी अभी घटकर 12 से 15 सौ के बीच सिमट गई है।



## वनभैंसों को कूल रखने लगाए गए कूलर के साथ ग्रीन नेट

# दो वनभैंसों का गला तर करने पानी पर फूंके साढ़े चार लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जंगल में मोर नाचा किसने देखा की कहावत को चरितार्थ करते हुए छत्तीसगढ़ का वन महकमा देखा जा सकता है। दरअसल पूरा मामला चार वर्ष पूर्व असम स्थित मानस नेशनल पार्क में रेस्क्यू किए गए दो मादा वनभैंसो के लिए पानी की व्यवस्था करने साढ़े चार लाख रुपए की राशि खर्च करने का मामला सामने आया है।

गौरतलब है, राज्य में राजकीय पशु वनभैंसा की संख्या बढ़ाने असम स्थित मानस नेशनल पार्क से वर्ष 2019-20 में दो मदा वनभैंसा लाने की योजना बनाई गई। इसी योजना के तहत वनभैंसा लाने असम में बोमा बनाया गया। बोमा बनाने में लाखों रुपए खर्च कर दिए, जिसका हिसाब विभाग के पास नहीं है। असम में जो वनभैंसा रेस्क्यू किए गए थे, उन वनभैंसों को दो महीने तक बोमा में रखा गया था। बोमा में रह रहे वनभैंसों के लिए पानी की व्यवस्था करने दो माह में चार लाख 60 हजार रुपए खर्च किए गए। इस संबंध में अफसरों से संपर्क कर जानकारी जुटाने की कोशिश की गई, लेकिन अफसर इस संबंध में कुछ भी बोलने से बचते नजर आए।

■ नए नियम के मुताबिक सेंचुरी में ब्रीडिंग सेंटर बनाने पर रोक के बावजूद वन विभाग वनभैंसों को छोड़ने की जगह पाल रहा



*कूलर के साथ ग्रीन नेट : असम से एक नर तथा एक मादा वनभैंसा लाने के बाद वर्ष 2023 में और चार सब एडल्ट मादा वनभैंसा लाया गया है। उन वनभैंसों को रखने के लिए बारनवापारा अभयारण्य में बाड़ा बनाया गया है। साथ ही वनभैंसों को कूल रखने आधा दर्जन कूलर खरीदी करने के साथ ग्रीन नेट लगाने तथा बाड़ा बनाने में 15 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। इसके साथ ही वर्ष 2020 तथा वर्ष 2023 में वनभैंसों को परिवहन कर बारनवापारा लाने 58 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है।*

### ब्रीडिंग सेंटर पूरी तरह से अवैध

केंद्र सरकार ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में संसोधन करते हुए आदेश जारी किया है कि एक अप्रैल 2023 के बाद नेशनल पार्क, अभयारण्य में किसी तरह से ब्रीडिंग सेंटर नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में बारनवापारा में वनभैंसों के लिए बनाया गया ब्रीडिंग सेंटर पूरी तरह से अवैध है। असम से लाए गए वनभैंसों का क्या करना है, इस पर वन विभाग को निर्णय लेना होगा। केंद्र के आदेश के बाद उदंती-सीतानदी में संचालित वनभैंसा ब्रीडिंग सेंटर को बंद कर दिया गया है।

### विभागीय अफसरों का यह कहना

विभागीय अफसरों के मुताबिक असम के मानस नेशनल पार्क में वनभैंसों के लिए पानी के लिए चार लाख 56 हजार 580 रुपए की राशि आबंटित की गई थी, उक्त राशि में से दो एचपी के सोलर पंप लगाकर पानी की व्यवस्था की गई थी। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी हासिल करने वाले वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी के मुताबिक वनभैंसा की वंश वृद्धि करने वन विभाग का प्लान पूरी तरह से फेल हो गया है। वनभैंसों के रखरखाव में वन विभाग ने पिछले चार वर्षों में कितनी राशि खर्च की है, इसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए।

## मॉनिटरिंग के लिए तैयार करेंगे सिस्टम

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट पेंडेंसी पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट की बड़ी पेंडेंसी मामले पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने शीघ्र रिपोर्ट दिलाने और पोस्टमार्टम के लिए परिजनों की प्रतीक्षा अवधि को कम करने के लिए सिस्टम तैयार करने तथा डॉक्टरों की नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह के साथ सोमवार को हुई बैठक में एसएसपी संतोष सिंह, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. तृप्ति नागरिया सहित अनेक चिकित्सक और अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट की लंबी प्रतीक्षा पर नाराजगी जताई। इस दौरान आंबेडकर अस्पताल में दो साल पहले की रिपोर्ट और तीन सौ के करीब पेंडेंसी पर नाराजगी जताते हुए निर्धारित समयसीमा में इसे जारी करने की हिदायत दी।

■ कलेक्टर, एसएसपी, स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की बैठक

### ऑनलाइन पता चल सकेगा

कलेक्टर ने एम्स में होने वाली इस समस्या से निपटने के लिए वहां पुलिस चौकी खोलने के निर्देश दिए। पोस्टमार्टम और शीघ्र रिपोर्ट के लिए मॉनिटरिंग ऑफ पोस्टमार्टम सिस्टम तैयार करने कहा है, जिससे सभी गतिविधियां ऑनलाइन पता चल जाएंगी। अफसरों को समयसीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी कर पोर्टल पर जानकारी अपडेट करनी होगी। आंबेडकर अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम शीघ्र करने के लिए चार डॉक्टर नियुक्त किए जाएंगे।

# चुनाव में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मतदान दलों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ कलेक्टर ने प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

लोकसभा चुनाव में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मतदान दलों के अधिकारी और कर्मचारी सम्मानित किए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव कुमार सिंह ने कलेक्टर सभाकक्ष में सोमवार को एक बैठक के दौरान चुनाव में पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबीएस के माध्यम से मतदान में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

कलेक्टर ने इस अवसर पर अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि मतदान निर्वाचन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है। निर्वाचन आयोग में 85 वर्ष से अधिक बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, उसे हमारे दल ने घर-घर जाकर बखूबी निर्वहन किया है। इनके कार्य को देखकर बुजुर्गों-दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साह के साथ इसमें हिस्सा लिया। जिले में हुए इस कार्य को भारत निर्वाचन आयोग ने भी सराहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनाए गए सुविधा केंद्र को छत्तीसगढ़ की संस्कृति की थीम पर बनाया था, जिससे प्रोत्साहित होकर बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी ने मतदान किया। गौरतलब हो कि ईडीसी एवं पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट करने वाले सर्वाधिक मतदाता रायपुर जिले में ही पंजीकृत है, जिसमें से लगभग 72 फीसदी मतदान कराकर पूरे राज्य में जिला रायपुर अग्रणी रहा।

बैठक कार्यक्रम में पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबीएस के नोडल अधिकारी बृजेश सिंह क्षत्रिय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित सम्मानित होने वाले मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बस्तर में सिमटेगी वर्षा की गतिविधि अब तापमान में तेजी आने के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मध्यप्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती घेरा के असर से हो रही बारिश की गतिविधि अब बस्तर में सिमटने के आसार हैं। मंगलवार से रायपुर समेत अन्य जिलों में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर शुरू होगा। अनुमान है कि मई के तीसरे सप्ताह में गर्मी अपना असर दिखा सकती है और माह के अंत में प्री-मानसून की बौछारें पड़ने लगेंगी। बीते मई में गिनती के दिनों में तेज गर्मी ने लोगों को परेशान किया है। शेष दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और आने वाली द्रोणिका के प्रभाव से यहां बारिश होने के कारण राहतभरा तापमान दर्ज किया गया जा रहा था।

मध्यप्रदेश के ऊपर बने चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से बारिश का असर बस्तर में अधिक रहा, मगर राज्य के अन्य संभाग में भी यह गर्मी को कम करने में सहायक रहा। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि सिस्टम अब कमजोर हो चुका है, जिसकी वजह से बारिश बस्तर में केंद्रित रहेगी। शेष हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है, मगर तापमान जो सामान्य से तीन डिग्री नीचे जा चुका है, उसमें अब बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगी। आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि होने की वजह से गर्मी अपना असर दिखाएगी। इस बात की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है कि गर्मी माह के तीसरे सप्ताह में चरम पर रह सकती है। अंतिम सप्ताह में तापमान में थोड़े बदलाव से प्री-मानसून की बौछारों की वजह से उमसभरी गर्मी परेशान करेगी।

**चालीस डिग्री से कम तापमान**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 38.1 |
| बिलासपुर | 39.4 |
| पेंड्रा | 38.6 |
| अंबिकापुर | 37.2 |
| जगदलपुर | 32.0 |
| दुर्ग | 39.6 |
| राजनांदगांव | 39.0 |

### बस्तर में 19 शहरों में बारिश

पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के 19 शहरों में मौसम विभाग ने बारिश दर्ज की है। सर्वाधिक पांच सेमी. वर्षा पंखाजूर में, चार सेमी. गीदम, केशकाल नगर, तीन सेमी. कटेकल्याण, ओरछा, बस्तर, दंतेवाड़ा, दो सेमी. बस्तानार, तोकपाल, कोंडागांव दर्ज की गई है। भोपालपट्टनम, कांकेर, मानपुर-मोहला तथा एक सेमी. बारिश, बड़े राजपुर, लोहंडीगुंड़ा, भैरमगढ़, फरसगांव में दर्ज की गई है। रायपुर में रविवार शाम आठ मिमी. बारिश हुई थी।

# 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस, शहर के हॉट स्पॉट पर लिए जाएंगे पानी के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ डेंगू की रोकथाम और जनजागरूकता के लिए चलाया जायेगा विशेष अभियान

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर 16 मई को राजधानी में आम जनता को डेंगू के खतरों से आगाह करने और इससे बचाव तथा लक्षण की जानकारी देने जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा। शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में पानी का सैंपल लेकर डेंगू की जांच की जायेगी। इसके साथ ही उन कारणों का पता लगाया जायेगा जिसकी वजह से संबंधित क्षेत्र में डेंगू की शिकायत आ रही है। शहर के रामनगर, भरतनगर, जोन 5 केसंवेदनशील क्षेत्र पुरानी बस्ती, मंगलबाजार एरिया के अलावा शहर के तालाब किनारे बसी बस्तियों और बीएसयूपी आवासीय परिसर के ठहराव वाले जगहों से पानी के सैंपल लिये जायेंगे। इस कार्य में एनसीडीसी और एनवीबीडीसीपी की टीम के साथ समन्वय बनाकर नगर निगम काम करेगा। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के दिन शहर के रामनगर और भरतनगर में डेंगू से बचाव के लिए प्रचार-प्रसार अभियान की शुरूआत की जायेगी। इस अभियान में जनसामान्य को जोड़ा जायेगा।

## बिजनेस साइट

# छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने 10वीं और 12वीं के परिणाम में मारी बाजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परिणामों में एक बार फिर हीरापुर रोड टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है, जिसमें रिद्धिमा जैन और दीपिका डींगवानी को 96% अंक प्राप्त हुए। वहीं सुहाना पाटी को 95.4%, लोकेश के. चंद्राकर को 95.2% प्राप्त हुए। 12वीं में लावन्या देवांगन ने 96.5% प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सरला अग्रवाल को 94%, सिया को 92.2% अंक मिले हैं।



# 'आयाम ऊंची उड़ान का' जून के तीसरे सप्ताह में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



जिला कलेक्टर के निर्देश पर जून में आयोजित हो रहे यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को देखते हुए 18 मई को प्रस्तावित कार्यक्रम आयाम-ऊंची उड़ान के आयोजन की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। परीक्षा में शामिल हो रहे युवाओं और उनके पालकों ने सोमवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात कर प्रारंभिक परीक्षा तिथि के बाद ही कार्यशाला आयोजित करने का अनुरोध किया था। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा है, अब यह कार्यशाला यूपीएसी की प्रारंभिक परीक्षा के बाद जून के तीसरे सप्ताह में संभावित है। कलेक्टर के निर्देश पर इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित करने की योजना तैयार की जा रही है। कार्यशाला में प्रवेश के लिए निःशुल्क पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। निर्धारित लिंक पर जाकर पंजीयन कराया जा सकता है।

### डाक अदालत 20 को

**रायपुर।** अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर द्वारा 20 मई को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रायपुर गंज उप डाकघर परिसर में स्थित कार्यालय में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। इस डाक अदालत में डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा करके उनका समाधान किया जाएगा।












हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 14 मई 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



'दिलरुबा' की धुन में डूबे श्रोता....

## आराधना

# चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना के बाद निकलेगी बाइक रैली



**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी 26 मई को राजधानी में धूमधाम से चित्रगुप्त जयंती मनाई जाएगी। आयोजन समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया, इस वर्ष चित्रगुप्त जयंती उत्सव के अवसर पर 14 मई को प्रदेश के कायस्थ जन चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना के बाद बाइक रैली निकालेंगे। यह बाइक रैली न्यू शांति नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर से गोंदवारा स्थित चित्रगुप्त मंदिर तक विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। संयोजक ने बताया की चित्रांशोत्सव का मुख्य आयोजन 26 मई को मेडिकल कॉलेज के हाल में किया जाएगा। इस अवसर पर चित्रगुप्त की शोभायात्रा शहर में निकाली जाएगी। साथ ही सामाजिक बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। समाज के उत्कृष्ट जनों का सम्मान किया जाएगा।

### संस्कृति आधारित प्रतियोगिताएं

इस दौरान होने वाली सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में संस्कृति की झलक दिखाई देगी। समाज के सदस्यों ने इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। पत्रिका में भी सामाजिक सारोकार से जुड़े विषयों को प्राथमिकता दी गई है। विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले समाज जनों का चयन किया गया है, जिन्हें समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। शोभायात्रा में भी विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल होंगे।

चित्रांश उत्सव में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि उत्सव को खास बनाने के लिए रविवार को कायस्थ समाज की महिलाओं की बैठक ली गई। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम स्वरूप दिया गया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम की बागडोर इस बार भी महिलाओं के जिम्मे रहेगा। वहीं राम प्रकाश श्रीवास्तव, विट्ठल श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, प्रमोद खरे, राजेश श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, संध्या वर्मा, मंगला श्रीवास्तव, श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. सीमा श्रीवास्तव सहित अन्य टीम में हैं।

● सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा कर रही हैं मां सीता का किरदार, रावण बनेंगे एक्टर रजनीश डुग्गा

# पहली बार ननिहाल में बन रही भगवान श्रीराम पर फिल्म भिलाई में बनी कुटिया, बस्तर में दिखेगा प्रभु का वनवास

> माता कौशल्या की पावन धरती और भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में हिन्दी फिल्म 'श्रीराम कथा' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में सीता के रूप में 'कच्चा बादाम' वीडियो से मशहूर हुईं सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा दिखाई देंगी। अंजलि को कंगना रनौत के विवादित रियलिटी शो 'लॉक अप सीजन-1' से लाइमलाइट मिली थी। 'श्रीराम कथा' के रूप में उन्होंने पहली फिल्म साइन की है। इसके अलावा रावण की भूमिका में बॉलीवुड एक्टर रजनीश डुग्गा रहेंगे।



### अंजली को लेकर विवाद भी शुरू

फिल्म की शूटिंग के साथ विवाद भी शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया में कई लोग मां सीता की कास्टिंग से खुश नहीं है। सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा ने जब से लोगों को जानकारी दी है कि वह श्रीराम कथा में सीता का अभिनय कर रही हैं, तभी से विवाद शुरू हो चुका है। एक इंटरव्यू में अंजली ने कहा है कि मुझे यह भूमिका निभाने का मौका मिल रहा है और मैं इसके लिए भाग्यशाली महसूस करती हूं। मेरा मानना है कि फिल्म निर्माता को मुझमें कुछ ऐसा देखा, जिससे उन्हें विश्वास हो गया कि मैं किरदार के साथ न्याय कर सकती हूं।

**रायपुर।** डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने बताया, रामायण पर पहले भी फिल्म बन चुकी है। हम नए तरह से लोगों को इस फिल्म के जरिए रामायण की कथा दिखाने चाहते हैं। इस वजह से फिल्म की शूटिंग उन जगहों पर कर रहे हैं, जहां श्रीराम ने समय बिताया है। फिल्म की 70 फीसदी शूटिंग छत्तीसगढ़ में होगी। इसके अलावा 20 फीसदी शूटिंग अयोध्या और मुंबई में होगी।



### 6 भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

*फिल्म में बस्तर का अरण्य लोगों को बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगा। 8 दिनों की शूटिंग शुरू हो चुकी है। भगवान राम के चरण जहां-जहां पड़े थे, वहां-वहां इस फिल्म का शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी, छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी, तेलुगू, कन्नड़ के साथ दो अन्य भाषा में रिलीज किया जाएगा। यह पेन इंडिया फिल्म होगी। फिल्म में राम और लक्ष्मण के रूप में भोजपुरी और स्थानीय कलाकारों को जगह मिली है।*



### अनूप जलोटा व कैलाश खेर की आवाज

फिल्म के राइटर सचिन कुमार सिंह है। वे बॉलीवुड के सुपरहिट फिल्मों जैसे- चेन्नई एक्सप्रेस, गोलमाल रिटर्न, सिंघम व सिंबा के लिए भी काम कर चुके हैं। फिल्म के गानों को बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने आवाज दी है। उनके अलावा सिंगर कैलाश खेर, जावेद अली, शाहिद माल्या, कृष्णा बेहुरा, राजा हसन, वैशाली सावंत ने स्वर दिया है। इसका संगीत प्रसिद्ध यूजिशियन आशीष एंड देव ने दिया है। फिल्म के प्रोड्यूसर प्रकाश महोबिया एवं संजय बुंदेला ने बताया, आज पूरा देश भगवान राम की भक्ति में लीन है।छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है, इसलिए भगवान राम पर हमने फिल्म बनाने का संकल्प लिया था।



### रामायण की तर्ज पर कुटिया

फिल्म की शूटिंग भिलाई में शुरू हो चुकी है। भिलाई के आउटर में जंगल के बीच में फिल्म का सेट तैयार किया गया है। रामायण की तर्ज पर कुटिया बनाई गई है। डायरेक्टर का कहना है कि रामायण में छत्तीसगढ़ से जुड़ी जो कथा है, उन्हें उन्हीं स्थानों के साथ फिल्मों में दिखाया जाएगा। जानकारी मुताबिक चित्रकूट में भगवान श्रीराम के वनवास से जुड़ी शूटिंग हो रही है। फिल्म की पूरी टीम चित्रकूट के रिसोर्ट में ठहरी हुई है।





## सिटी इवेंट

# 50 हजार भक्तों के लिए रोजना भोजन, 10 एकड़ में होगी पार्किंग



**रायपुर।** शिव कथा के लिए अमलेश्वर में तैयारी से पहले कार्यालय का शुभारंभ किया गया। अब आगे व्यवस्था बनाने का सिलसिला शुरु होगा। प्रख्यात शिवमहापुराण के कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा को सुनने श्रोताओं की भीड़ उमड़ती है। महादेव घाट पुल से भक्तों का आवाजाही बढ़ने से ट्रैफिक दबाव की स्थिति बनेगी। इसे देखते हुए शिव शक्ति सेवा समिति के पदाधिकारी अब प्रशासन से भी 27 मई से 2 जून तक होने वाली कथा में सहयोग लेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने बताया कि गर्मी को देखते हुए दो-दो लाख लोगों की बैठक क्षमता वाले दो बड़े डोम बनाए जाएंगे। ताकि लोग बेहतर माहौल में कथा सुन सकें। इसके लिए डग कूलर, कूलर-पंखे के अलावा पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। इसके पहले कथा स्थल पर कार्यालय का शुभारंभ करते हुए वहां अब तैयारी शुरु की जाएगी।

### डाक्टर्स की टीम देगी सेवा

गर्मी को देखते हुए कथा पंडाल में ही 20 डाक्टर्स की टीम सेवा देंगी। इसके साथ ही दो एम्बुलेंस भी लगाए जाएंगे। यह इंतजाम इसलिए किया जा रहा है क्योंकि रायपुर व दुर्ग जिले की सीमा में कथा होने से दूर-दराज से लोग आएंगे। इनमें किसी को स्वास्थ्य से जुड़ी हुई समस्या होने पर उन्हें तुरंत उपचार मिलेगा। इसके लिए चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े समिति सदस्यों को ही जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि सही तरीके से संचालन हो सके।

### 57 एकड़ में आयोजन

अमलेश्वर थाना के पास मुख्य मार्ग के पास करीब 57 एकड़ एरिया को इस भव्य आयोजन के लिए तय किया गया है। इस क्षेत्र में कथा सुनने के लिए आने वाले लोगों को पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। इस तरह का इंतजाम लोगों को कथा स्थल पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो, इस लिहाज से किया जाएगा। 10 एकड़ में पार्किंग स्थल बनाने के बाद इसके संचालन की जिम्मेदारी तय की जाएगी। ताकि अव्यवस्था से बच सकें।

### 2 हजार कार्यकर्ता देंगे सेवा

महाराज के साथ हजारों की तादाद में लोग आते हैं। इसे देखते हुए डोम के पास ही रोज 50 हजार भक्तों के लिए भोजन पकेगा। इसके लिए कारीगर लगाने के साथ ही इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए समिति के 2 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता सेवा देंगे। इसमें से कइ कार्यकर्ताओं को कथा पंडाल की व्यवस्था संभालने के लिए भी तैनात करने का निर्णय आयोजकों ने लिया है। कथा स्थल के पास ही दो दमकल गाड़ियां भी लगवाने की तैयारी है।

शान्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर में मातृ दिवस पर व्याख्यान

# परिवार को व्यवस्थित रखने माताओं की अहम भूमिका उनके ऊपर निर्भर करता है धन का सही इस्तेमाल

**रायपुर।** परिवार को व्यवस्थित रखने व सभी सदस्यों की सुख-सुविधाओं का ख्याल रखने में माताओं की अहम भूमिका होती है। इसके साथ ही धन का सही ढंग से इस्तेमाल करना उन्हीं पर निर्भर करता है। इसके बाद भी परिवार में मां को वह सम्मान नहीं मिल पाता, जिसकी वह हकदार होती है। लोग समझते हैं कि महिलाएं कुछ नहीं करती हैं, जबकि पति और बच्चों का व्यवहार उसके साथ कैसा भी हो, वे बराबर सभी का ध्यान रखती हैं। बदले में वह किसी से कुछ नहीं मांगती।

मां का यह बहुत बड़ा त्याग है कि वह अपना सारा जीवन पति और बच्चों के लिए घर की चार दीवारी में कैद होकर व्यतीत करती है। वह बच्चों को सुसंस्कारित करके लायक बनाती है।



ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने अन्तर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के महिला प्रभाग द्वारा सोमवार को आयोजित व्याख्यान में उक्त बातें कहीं। उन्होंने स्वस्थ एवं सुखी परिवार में माताओं की भूमिका विषय पर मुख्य वक्ता के रुप में कई रोचक जानकारी दी।

### कठिनाइयां जीवन का हिस्सा

दिशा स्कूल की प्राचार्य रिचा साव ने कहा, परिवार में सबकी देखभाल माताएं करती हैं। मेरी नजर में माताएं ही देखभाल करने वाली नहीं हैं, कोई भी व्यक्ति जो कि देखभाल कर रहा है वह मां की भूमिका निभा रहा है। स्वस्थ मन से ही स्वस्थ शरीर व सुखी परिवार का निर्माण होता है। राज्य में मशरूम लेडी के रूप में पहचान रखने वाली नम्रता यदु ने संघर्ष को जीवन का हिस्सा बताते हुए कहा कि हर कदम पर कठिनाइयां आती हैं। हमें उसे जीवन का हिस्सा समझकर आगे बढ़ना चाहिए।

### मां जगत जननी

ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने विषय को स्पष्ट करते हुए कहा कि मां शब्द सबसे अधिक प्यारा होता है। वह जगत जननी है। दया, करूणा, प्रेम और सहिष्णुता उसमें समाहित होते हैं। कहते भी हैं कि ईश्वर ने मां को अपने ही स्वरूप में गढ़ा है। इस वजह से महिलाओं को पुरूषों की तरह दिखने या कपड़े पहनने की जरूरत नहीं है। वह सौम्यता, दिव्यता और कोमलता की प्रतीक है तो सशक्त और शक्तिशाली भी होती है।

# अग्निवीर के लिए अर्जी शुरू दो चरणों में होगी परीक्षाएं

**रायपुर।** भारतीय नौसेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 13 मई से शुरू कर दी गई है। नौसेना अग्निवीर भर्ती के इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से 27 मई 2024 तक अप्लाई कर सकते हैं। भारतीय नौसेना अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक (कक्षा दसवीं) की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। वहीं, नौसेना अग्निवीर भर्ती के लिए उम्मीदवारों को सीनियर सेकेंडरी (कक्षा बारहवीं) की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। दोनों ही कटेगरी में अग्निवीर भर्ती के लिए उम्मीदवार का जन्म 1 नवंबर 2003 से पहले तथा 30 अप्रैल 2007 के बाद नहीं होना चाहिए।

**पूछे जाएंगे 100 सवाल :** भारतीय नौसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए उम्मीदवारों का चयन दो चरणों की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। पहले चरण में उम्मीदवारों को नौसेना प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। यह परीक्षा ऑनलाइन और कंप्यूटर आधारित होगी। इस परीक्षा में अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामान्य जागरूकता विषयों से कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे।

कार्नर न्यूज

स्कूल शिक्षा विभाग का नवाचार, रचनात्मक गतिविधियों को देंगे बढ़ावा

# शासकीय विद्यालय के छात्रों के लिए लगाए जाएंगे स्पेशल समर कैंप इसमें विद्यार्थी सीखेंगे चित्रकला, गायन, वादन, निबंध सहित हस्तशिल्प

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवाचार करते हुए गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों के लिए समर कैंप जन सहयोग से आयोजित किया जाएगा। यह कैंप सुबह 7:00 से 9:30 बजे आयोजित किया जाएगा यह पूर्णत स्वैच्छिक रहेगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने सभी जिलों के कलेक्टर को इस संदर्भ में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा, 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन सहयोगी हो सकता है।



### रुचि के आधार पर चयन

समर कैंप में चित्रकला, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद सहित अपने गांव शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां आयोजित की जा सकती हैं। इन गतिविधि के अलावा अन्य रचनात्मक गतिविधि का भी चयन किया जा सकता है। स्कूल अपने स्तर पर बच्चों की रुचि अनुसार इनका चयन कर सकेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि इसके लिए कोई भी बजट देय नहीं होगा। जिले अपने उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। स्कूलों से कहा गया है कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश को बच्चों के सीखने के लिए अवसर के रूप में प्रयुक्त करें।

### सामुदायिक भवनों में आयोजन

छात्र-छात्राओं के लिए स्कूलों में अथवा गांव शहर के सामुदायिक भवनों में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञ को आमंत्रित कर उनसे मार्गदर्शन व प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसमें पालक व शाला विकास समितियों से भी सहयोग लिया जाएगा। सुझाव देने के साथ ही वे योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सहयोग दे सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छापूर्वक इसमें जुड़ना चाहे तो उसे भी मौका दिया जाएगा।

### अनुशासन पालन आवश्यक

छात्रों के अलावा स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों के लिए भी विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। पांच संभाग के संयुक्त संचालक, 33 जिला शिक्षा अधिकारियों व सहायक संचालकों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण निमोरा में प्रारंभ हुआ। इस दौरान लोक शिक्षण संचालक दिव्या मिश्रा ने कहा, स्कूल शिक्षा विभाग में परिवर्तन का दायित्व संभाग व जिले के शिक्षा अधिकारियों पर है। उच्च प्राथमिकता के कार्यों का त्वरित क्रियान्वयन करने के लिए योजनाओं का ज्ञान बहुत आवश्यक है। स्कूल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पोर्टल को भी अपडेट किए जाने की आवश्यकता है, जिसके लिए दक्ष होना जरूरी है। हमें अनुशासन का पालन करने की आदत डालनी होगी।

● सिटी के 100 से अधिक छात्रों ने स्कोर किए 95% से ज्यादा अंक

# सोशल साइट्स से दूरी, सेल्फ स्टडी और यू-ट्यूब का सही इस्तेमाल दृढ़ इच्छाशक्ति ने दिलाया शीर्ष स्थान, शहर में भी लड़कियां टॉप पर

### 28 छात्रों को 90 % से अधिक अंक

ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल के दसवीं और बारहवीं के छात्रों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर अपनी योग्यता साबित की है। बारहवीं और दसवीं दोनों ही कक्षा में 14-14 छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए। दसवीं कक्षा की छात्रा हिमांशी अग्रवाल 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं। श्रेयांश रॉय और आरुष तिवारी ने क्रमशः 96.2 और 95.8 प्रतिशत अंक हासिल करके दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। हायर सेकेंडरी बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन संकाय से सुखप्रीत कौर टुटेजा ने 95.6 प्रतिशत और कला संकाय से पूजा शुक्ला ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।




### विषयवार 100% अंक

थोक में ऐसे छात्र भी रहे, जिन्हें विषयवार 100% अंक मिले हैं। संस्कृत में ऐश्वर्या एस. पिल्लई, रविराज द्विवेदी और श्रेयांश रॉय को 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए। बारहवीं कक्षा की प्राची अग्रवाल ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ बिजनेस स्टडीज में पूर्णांक 100 अर्जित करके सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुरभि साहू और सोनिया ने मनोविज्ञान और बिजनेस स्टडीज में क्रमशः 100 अंक अर्जित कर बेहतर प्रदर्शन किया। गणित में समीक्षा चंद्रा, आरुष तिवारी, दिव्यदीप सिंह चावला, रविराज द्विवेदी और श्रेयांश रॉय को 100 में से 99 अंक प्राप्त हुए। दोनों कक्षाओं में, कुल छात्रों के 75 प्रतिशत छात्र 70 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए, एवं 50 प्रतिशत छात्र 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करके उत्तीर्ण हुए।




### साकेत ने हासिल किए 97% अंक



स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने भी सीबीएसई की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसमें अंजू कुशवाहा को 12वीं में 93 फीसदी अंक मिले। इसके अलावा अक्षत वर्मा 88 फीसदी और श्याम गुप्ता को 87 फीसदी अंक प्राप्त हुए। 10वीं में साकेत वर्मा ने 97 प्रतिशत संग टॉप किया। डी.सेन को 96 फीसदी व रितिक रोशन को 94 प्रतिशत अंक मिले।

### 100 फीसदी रहे कई स्कूलों के परिणाम



होली हार्ट्स एजूकेशनल एकेडमी सिविल लाइंस रायपुर में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में टॉप 5 में समृद्धि अग्रवाल 93%,अवनी शर्मा 93%, रिया वाधवानी 92% खुशी पंजवानी 91.8 ,नेहा जैन 91.8 रहीं। वहीं कक्षा 10वीं में टॉप-5 में अवनी सक्सेना 96.6 %, ओबिरुक लहरी 95.8% प्राप्ति आहूजा 94.6% वेदांत जायसवाल 92%, इशिता गांधी 92%रहे।



वही होली हार्ट्स कबीर नगर स्कूल में कक्षा दसवीं में टॉप-5 में सहर्ष राजपूत 96%, संयम राज 93%, यशपाल सिंह ठाकुर 93%,निकिशा गौर 91%,वेदांत माल 89% से अव्वल। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।



'द ग्रेट इंडिया' सैनिक स्कूल में कक्षा 12वीं में टॉप-5 में उमंग जैन 86.2%, मनूश्री चौहान 86%,परमीत सलूजा 83.8%,अंश जैन 82.2% और खुशी गुप्ता 78.8% रही। वहीं कक्षा 10वीं में टॉप-5 में सुनिधि साहू 86.2%, वैदेही नायक 86%, केसर चंद्राकर 84.8%, भविष्य अग्रवाल 85.6% और पार्थ दीवान 83.6 % रहे। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य नीपा चौहान ने अपने संदेश के माध्यम से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 21 छात्रों को 80% से अधिक अंक

आदर्श विद्यालय मोवा के छात्रों ने केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और एक बार फिर अपनी योग्यता साबित की। अपनी योग्यता का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने उत्कृष्टता का एक और अमिट मानदंड हासिल किया है। बारहवीं में इशिका तिवारी ने 94.6% अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेयस शर्मा ने 93.4% अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। निधि कुमारी ने 92% अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार सचवीर कौर कलसी ने 91.8%, अक्षधा मिश्रा ने 90.6%, रीतिका चौहान ने 90.6% अंक प्राप्त किया। कुल मिलाकर 21 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए।



दसवीं कक्षा में अनन्या सतीश सिंधु 96% अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जानवी वर्मा 95.5% अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। प्रद्युम्न कुमार साहू 95% अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। निखिल वर्मा 93.8%, तिरुमला हेमाश्री 93.2%, अनुग्रह मिश्रा 92.4%, अंतरा श्रीवास्तव 92.4%, कोमल वर्मा 92.2%, स्निग्धा सिंह 91.8%, प्रणीत सिंह 91.6%, क्षणा प्रवाह परीदा 91.6%, सिमरन अन्नम्मा अब्राहम 91.6%, मृदुल शर्मा 90.2%, श्रेया नायर 90.2% और राजीव वर्मा ने 90% अंक प्राप्त किया।



### प्राहदीश्वर और अंशुल डागा को 97%

ज्ञान गंगा एजूकेशनल एकेडेमी में 10वीं के 25 छात्रों ने 90% से ज्यादा अंक अर्जित किए हैं। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 95%रहा है। दसवीं में सी.आर.प्राहदीश्वर और अंशुल डागा को 97% अंक मिले हैं। ऋषि सिंह, श्वेतांशु साहू, अर्पिता जायसवाल, मान्या अग्रवाल, चिराग लकड़ा और आदिश्री भुर्रक को 96% तथा हंसिका प्रसाद और रिया वर्मा को 94% अंक प्राप्त हुए हैं। बारहवीं में यथार्थ तिवारी को 95%, अस्मित कौर को 94% तथा श्रेया देवांगन को 93% अंक प्राप्त हुए हैं।



### शीर्ष-5 छात्रों को 90% से अधिक अंक



अन्य स्कूलों की भांति मदर्स प्राइड स्कूल में भी शीर्ष पर रहे छात्रों को 90% से अधिक अंक हासिल हुए हैं। इसमें बारहवीं कक्षा में प्रियांशु प्रकाश को 94.4%, ईशांत त्रिपाठी और संजीवनी राव को 92.2%, नवनीश कोर तथा भावनिश कौर को 90.8%, वंशिका रावल और हर्ष वर्मा को 90.2% अंक मिले हैं। इसी तरह 10वीं कक्षा में ओम ठाकुर को 93%, मयंक वर्मा को 87.2%, राज आर्यन को 86.8%, प्रिया जैन को 82.4% तथा युवराज को 79.6% अंक मिले हैं।

*रायपुर। सीबीएसई द्वारा सोमवार को दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं के परिणामों की घोषणा एक साथ की गई। जैसे ही छात्रों को यह सूचना मिली, सभी अपने परिणाम जानने के लिए उत्सुक नजर आए। शहर के छात्रों का प्रदर्शन इस बार भी अच्छा रहा है। दोनों ही कक्षाओं में शहर में 100 से अधिक छात्रों ने 95% या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। अधिकतर स्कूलों में शीर्ष-5 पर रहने वाले छात्रों का स्कोर 90% से अधिक ही रहा है। थोक में ऐसे छात्र भी रहे हैं, जिन्होंने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं।गौरतलब है कि सीबीएसई द्वारा छात्रों के बीच अनहेल्दी कंपीटिशन को रोकने के लिए इस बार मेरिट लिस्ट किसी भी स्तर पर जारी नहीं की गई है। शालाओं में शीर्ष स्थानों पर रहे छात्रों का कहना है कि उन्हें सफलता दृढ़ इच्छाशक्ति से हासिल हुई। इसके अलावा सोशल साइट्स से दूरी, यू-ट्यूब सहित अन्य माध्यमों का उचित प्रयोग भी उनकी सफलता में सहायक बना। विभिन्न स्कूलों के टॉप-10 में लड़कियों की संख्या अधिक रही है।*

### केंद्रीय विद्यालय में 97.8% अंकों संग दिव्यांश शीर्ष पर



सीबीएसई बोर्ड के 10वीं कक्षा में दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय क्र.-2 से दिव्यांश शर्मा ने 97.8% अंकों के साथ टॉप किया है। दूसरे स्थान पर अन्वेशा तिवारी को 95.8% मिले। तीसरे स्थान पर टी. माध्वी को 94.6% अंक मिले हैं। श्रेयश शर्मा व एस.राव को 94.2% मिले हैं। इसी तरह से 12वीं में अर्पिता ने 96.4% अंकों संग टॉप किया है। इसके बाद दूसरे स्थान पर अली अहमद 94.4% और तीसरे स्थान पर प्रत्यूष दानी को 92.6%, रमनदीप पुन्नी को 91.8% और मानसी साहू को 90.6% अंक मिले हैं।

### 97 प्रतिशत छात्र रहे सफल

कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत परिणाम के साथ शानदार प्रदर्शन किया। कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के दसवीं कक्षा की तीसरी बैच के सभी छात्र शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। आंचल यादव (91%), आदित्य साहू (90.8%), इशिका तिवारी (90.6%), सितांशु डहरिया (90.2%) और अनीषा धुरंधर (88.4%) 10वीं कक्षा के टॉपर रहे। कक्षा 12वीं के दूसरे बैच ने भी 97 प्रतिशत सफलता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साइंस ग्रुप से रिद्धिमा तनवानी (87.6%), आशु साहू (80.4), तौफीक खान (75.2%), आर्यन सिंह (71.6%) और सुधांशु झा (71.6%) टॉपर रहे तथा कॉमर्स ग्रुप से कुणाल साहू (85.2%), खुशबू साहू (82.2%), वैभव वर्मा (79.2%), आंचल सिन्हा (79%), श्रेयांश चंद्राकर (75.6%), और हर्ष नाकरानी (74.6%) टॉपर रहे। विद्यालय के प्राचार्य आईविन स्मिथ, डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### राघव को 93.8% अंक

प्रणवानंद अकादमी में बारहवीं कक्षा के विज्ञान राघव वर्मा ने 93.8% के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वाणिज्य से कुणाल साहू ने 84.8% के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अदिति दुबे 90.6% और संचित 81.6% ने बारहवीं कक्षा में दूसरी और तीसरी रैंक हासिल की। दसवीं कक्षा में शौभया सिंह ने 96.2% के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अनुष्का शुक्ला ने 91% और कनिष्का दास ने 88.2 अंक हासिल किए। स्कूल सचिव स्वामी शिवरुपानंद और प्राचार्य अनिंदिता घोष ने सभी को बधाई दी।

### 98.2% संग टॉपर रही विनिशा




दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी सीबाएसई में परचम लहराया है। 12वीं में विद्यालय की छात्र संजमप्रीत कौर ने 97% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसके बाद दीपायन बिस्वास 96.8% और लविन कौर ने 96% अंक हासिल किए। 50% से अधिक छात्रों ने 80% से अधिक अंक हासिल किए। दसवीं कक्षा में 98.2% और 97.8% अंकों के साथ टॉपर रही विनिशा जालान और पार्थ चितलांगिया ने कहा, स्कूल की उन्नत शिक्षण प्रणाली और शिक्षकों का सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन हमारी सफलता का मूलमंत्र रहा। शिक्षकों ने प्रत्येक खंडों पर विस्तृत और गहन तैयारी करवाई, जिसका परिणाम अत्यंत शानदार रहा। छात्रों की सफलता पर प्राचार्य रघुनाथ मुखर्जी ने शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी। 47 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100% अंक प्राप्त किए।

### 40% छात्रों ने अर्जित किए 80% से अधिक अंक

जी.डी. गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के दसवीं और बारहवीं के नतीजे उल्लास भरे रहे। दसवीं कक्षा में अनन्या ने 95.40% अंक अर्जित के विद्यालय को गौरान्वित किया है। स्पर्श पारख ने 91.40% अंक प्राप्त किया है। कक्षा 12वी के मंथन मखीजा ने 90% और परिधि जैन ने 89% अंक अर्जित किए। विद्यालय के प्राचार्य दलजीत सिंह एवं शाला प्रबंधक ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। यहां लगभग 40% छात्रों ने 80% से भी अधिक अंक अर्जित किया है। छात्रों ने कहा कि नियमित अध्ययन से उन्हें यह सफलता मिली है।



गोवा में हुई थी प्रतियोगिता, कहा- आत्मविश्वास ने दिलाई सफलता

## इंडिया इंटरनेशनल में छग की 6 प्रतिभागियों ने जीते टाइटल

**रायपुर।** कुछ दिनों पहले गोवा के एक होटल में इंडिया इंटरनेशनल 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ से 20 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। इनमें 6 प्रतिभागियों ने अलग-अलग कैटेगिरी में खिताब हासिल किया है। रायपुर आने के बाद एसएस फाउंडेशन की संस्थापिका शिखा साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए। प्रतिभागियों ने कहा, खिताब जीतने के लिए कड़ी मेहनत और घरवालों का सपोर्ट बहुत जरुरी होता है। जीतने वाली सभी प्रतिभागी अपना कॅरियर इस क्षेत्र में बना सकें, इसके लिए मंच देने की जिम्मेदारी संस्था निभा रही है।




### इन्होंने जीता खिताब

मिसेस कैटेगरी में जागृति गोठी, अंकिता शर्मा, अर्पिता सिंह, रश्मि शिन्दे, ममता मोटवानी ने बाजी मारी। वहीं मिस कैटेगरी में कंचन मेहरा, अंशु कुमारी, प्रिया दास, देव श्रीवास, वासु गुप्ता खिलाब की विजेता रही। निर्णायक के रूप में प्रिया श्रीवास्तव, झिलमिल बैनर्जी, आकांक्षा सिंह राजपूत, दिपांशी घोष, माही, प्रियांशी ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा किसी प्रतियोगिता में खुद को साबित करने की चुनौती होती है। इसमें परिवार के लोगों ने सपोर्ट किया, तभी यहां तक पहुंच पाए।

## बाजार में प्रत्येक वस्तु के लिए मानक निर्धारित, ये बेहद अहम



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सोमवार को 'वन डे सेंसटाइजेशन वर्कशॉप ऑन स्टैंडर्डाइजेशन' रखी गई। इस वर्कशॉप का आयोजन एनआईटी और ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) द्वारा साझा रूप से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई स्टील प्लांट के चीफ जनरल मैनेजर तपस दासगुप्ता शामिल हुए। उन्होंने बीआईएस के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि बीआईएस मानकों के लिए सबसे बड़ी सर्टिफिकेशन बॉडी है। हमारे आस-पास की सभी चीजों के मानक निर्धारित हैं। बीआईएस पहला संगठन है, जो पूरे छतीसगढ़ प्रदेश की ज्यादातर ग्राम पंचायतों तक पहुंच बना पाया है। बीआईएस अपने हितधारकों को मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करता है, साथ ही बीआईएस ने स्कूलों, कॉलेजों में स्टैंडर्ड क्लब बनाए हैं जो मानकों से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करते रहते हैं।

### दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका

एनआईटी निदेशक डॉ.एनवी रमना राव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बीआईएस की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, मानक दैनिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीआईएस न केवल स्टैंडर्डाइजेशन के लिए है, बल्कि यह सर्टिफिकेशन और कंसल्टेशन के लिए भी है। उन्होंने छात्रों को इस वर्कशॉप में अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी, जिससे कि प्रतिभागियों को औद्योगिक स्तर का अनुभव प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में विभिन्न वार्ता सत्र और गतिविधियां रखी गईं।

कार्नर न्यूज

पारंपरिक वाद्ययंत्र है 'दिलरुबा', इससे लोगों को परिचित कराने विशेष वादन

## 'दिलरुबा' की धुन में डूबे श्रोता, तबले पर सधी हुई संगत ने मोहा मुरली धुन की सुंदर प्रस्तुति, राजघराने की बंदिशों में दिखी परंपरा

**रायपुर।** संगीताचार्य पण्डित गुणवंत माधवलाल व्यास की जयंती पर गुनरस पिया संगीत समारोह का भव्य आयोजन 13 मई को वृंदावन सभागृह में किया गया। शास्त्रीय संगीत के प्रति विगत 12वर्षों से लगातार कार्य कर रही गुनरस पिया फाउंडेशन ने इस वर्ष का संगीत गुरु सम्मान-गुनरस पिया संगीत सम्मान वरिष्ठ संगीत गुरु माणिक खानखोजे को प्रदान किया गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण था लुप्तप्राय वाद्य यंत्र दिलरुबा का वादन। आकाशवाणी के नियमित गायक और दिलरुबा वादक युवा पीढ़ी के कलाकार ऋषिकेश करमरकर ने इसकी प्रस्तुति दी।



### बाल कलाकारों ने भी पेश किए विविध ताल

*नागपुर से आए बाल कलाकारों ने भी उम्दा प्रस्तुति दी। इनमें से ईशान बेलगे ने राग-बिहाग, ताल त्रिताल में जय शारदे सरस्वती माता... की प्रस्तुति दी। इसके बाद राग-केदार की एकताल में निबद्ध बंदिश-काहे करत मोसे रार... के बाद तीन ताल का एक तराना प्रस्तुत किया। कात्यायनी दीवान ने राग-वृंदावनी सारंग में तीन ताल पर आधरित बंदिश जमुना मैं कैसे जाऊं... की सुंदर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नीरजा वाघ ने झपताल में रचित बंदिश मुरली धुन की सुंदर प्रस्तुति दी।*

उन्होंने दिलरुबा वादन की शुरुआत राग यमन मसिदखानी गत ताल तीन ताल मे की। इसके बाद द्रुत रचना और झाला प्रस्तुत किया। ऋषिकेश दिलरुबा जैसे तंतु वाद्य को गायकी अंग से बजाते हैं। उनकी प्रस्तुति को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। गौरतलब है कि दिलरुबा एक वाद्ययंत्र है। यह एक झुका हुआ तार वाला संगीत वाद्ययंत्र है। यह वाद्ययंत्र एसराज से थोड़ा बड़ा होता है। इसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी। इसे ताऊस (एक प्राचीन और भारी वाद्य यंत्र) से प्रेरित होकर बनाया गया था। इसके हल्के होने की वजह से यह इसे अलग-अलग जगह ले जाना आसान होता था।

### तबले और हारमोनियम पर संगत

*तबले पर सुशील गोल्हानी एवं हारमोनियम पर दीपक व्यास ने संगत दी। उनकी प्रस्तुतियों ने भी लोगों का मन मोहा। मुख्य अतिथि सुशांत तिवारी रहे। अध्यक्षता अजंता चौधरी ने की। महेन्द्र तिवारी, कावेरी व्यास, श्रद्धा बेदरकर, रचना चांडक, समीक्षा गोल्हानी, धनश्री पेंडसे, वैशाली जोशी, मिलिंद शेष, डॉ.प्रदीप तिवारी, गिरीश चिंचोलकर, निखिल मोकादम सहित कार्यक्रम में शामिल रहे।*

### सधी हुई संगत

*आकाशवाणी के ए ग्रेड कलाकार हिंडोल पेंडसे ने राग मधुकौंस में गुनरस पिया की बंदिश लागी प्रीत तुम सो मोरी... की प्रस्तुति दी। यह ताल-एकताल पर आधारित रही। इसके बाद हिंदी नाट्य गीत की प्रस्तुति दी। उनके गायन में राग का सुंदर और गामक की तान से तैयार गायकी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी आमंत्रित कलाकारों के साथ प्रदेश के प्रसिद्ध गुरु एवं तालमणि सम्मान से अलंकृत अशोक कुर्म ने खूब सधी हुई संगत दी। मंच संचालन डॉ.जया सिंग ने किया। संस्था सदस्य शुभ्रा ठाकुर, कावेरी व्यास, श्रद्धा बेदरकर, दीपक व्यास सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देर रात तक बड़ी संख्या में संगीत रसिकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।*

## धर्म दर्शन

# दोपहर के समय नहीं जाना चाहिए मंदिर, धार्मिक ग्रंथों में बताए गए हैं कई कारण



हिंदू धर्म में मंदिर न केवल भगवान की आराधना करने का केंद्र हैं, बल्कि आध्यात्मिक उत्थान के लिए भी लोग मंदिरों में जाते हैं। अलग-अलग मंदिरों में जाने के कुछ नियम भी हैं, जैसे कुछ मंदिरों में रात्रि के समय नहीं जाया जाता, कुछ मंदिरों में पुरुषों को तो कुछ में महिलाओं के जाने की मनाही होती है। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आपको चाहे मंदिर हो या घर का पूजा स्थल कहीं पर भी पूजा नहीं करनी चाहिए। एकांत में बैठकर मंत्र जप आप इस दौरान कर सकते हैं या फिर ईश्वर का ध्यान कर सकते हैं। ऐसा करना आपके लिए शुभ साबित होता है। इसके साथ ही मंदिरों में दोपहर के समय जाना भी शुभ नहीं माना जाता। इसके पीछे का कारण क्या है, धार्मिक ग्रंथों में इसके बारे में क्या लिखा गया है।

**दोपहर में भगवान विश्राम करते हैं :** धार्मिक ग्रंथों में लिखा गया है कि, दोपहर के समय भगवान विश्राम करते हैं इसलिए भक्तों को इस दौरान मंदिरों में नहीं जाना चाहिए। इस समय मांगी गई मनोकामना ईश्वर तक नहीं पहुंचती है। यही वजह है कि हिंदू धर्म के विख्यात मंदिरों के कपाट दोपहर के वक्त बंद कर दिए जाते हैं, ताकि विश्राम कर रहे देवी-देवताओं को किसी तरह के व्यवधान का सामना न करना पड़े।

**दोपहर में ऊर्जा की कमी से पूजा में नहीं लगता मन :** दोपहर के समय मंदिरों में न जाने का दूसरा कारण यह है कि इस दौरान हमारा शरीर आलस्य से भरा रहता है। हम उतने ऊर्जावान नहीं होते जितने सुबह और शाम के समय रहते हैं। ऐसे में अगर हम दोपहर के समय मंदिर में प्रवेश करते हैं तो पूजा-पाठ में भी हमारा मन नहीं लगता, इसलिए भी दोपहर के समय मंदिरों में जाना सही नहीं माना जाता।

**अतृप्त आत्माएं रहती हैं सक्रिय :** ऐसा माना जाता है कि दोपहर के समय प्रेत, और अतृप्त आत्माएं सक्रिय रहती हैं। ये अतृप्त आत्माएं दोपहर के समय मंदिरों के आसपास विचरण करती हैं ताकि उन्हें मुक्ति का मार्ग मिल सके इसलिए दिन के वक्त मंदिर में जाना सही नहीं माना जाता।

# सोना इन राशियों के लिए होता है बेहद शुभ, पहनने से पलट जाती है किस्मत



सोने के आभूषण आपके व्यक्तित्व पर चार चांद लगाते हैं। बहुत से लोग सोने से आभूषणों को पहनते भी हैं, लेकिन ज्योतिष की मानें तो हर किसी के लिए सोने के आभूषण पहनना अच्छा नहीं होता। ज्योतिष शास्त्र में कुछ ऐसी राशियों का जिक्र मिलता है जिनके लिए सोना शुभ नहीं माना जाता जैसे- मकर और कुंभ, वहीं कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिनको सोना पहनने से बहुत लाभ प्राप्त हो सकते हैं। आज हम आपको इन्हीं राशियों के बारे में बताएंगे जो सोना पहनकर अपने भाग्य को चमका सकती हैं।

**मेष राशि :** मंगल के स्वामित्व वाली मेष राशि के लोगों को सोना पहनने से काफी लाभ प्राप्त हो सकते हैं। सोना पहनकर मेष राशि के लोगों का आत्मविश्वास बढ़ता है और करियर के क्षेत्र में भी इनको अच्छे परिणाम मिलते हैं। अगर मेष राशि के किसी व्यक्ति की कुंडली में सूर्य और गुरु कमजोर हैं तो उनको मजबूत करने के लिए भी सोना पहनना लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**सिंह राशि :** इस राशि के लोग स्वतंत्रता के साथ जीना पसंद करते हैं लेकिन कई बार अत्यधिक स्वतंत्रता इन्हें गलत मार्ग पर ले जा सकती है। इसलिए सिंह राशि के जातकों को ध्यान केंद्रित रखने के लिए सोने के आभूषण पहनने चाहिए। सोना पहनने से सिंह राशि के जातकों की नेतृत्व क्षमता का भी विकास भी होता है।

**कन्या राशि :** बुध ग्रह के स्वामित्व वाली कन्या राशि के लोग कर्मठ माने जाते हैं लेकिन कई बार बहुत मेहनत करने के बाद भी जीवन में इनको परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जीवन की इन्हीं परेशानियों को दूर करने के लिए अगर ये सोना धारण कर लें तो इनको फायदा होने लगता है।

**धनु राशि :** इस राशि के स्वामी गुरु हैं और सोना गुरु की ही धातु मानी जाती है। इसलिए धनु राशि के लोगों को सोना पहनने से बहुत अधिक लाभ मिल सकते हैं। इस राशि वाले सोना धारण कर लें तो इनकी आभा भी बढ़ने लगती है और बौद्धिक क्षमता में भी वृद्धि होती है।

**मीन राशि :** मीन राशि वाले सहज और सौम्य व्यवहार वाले माने जाते हैं। हालांकि भविष्य को लेकर भय इनके मन में हो सकता है। सोना पहनने से इनके हर प्रकार का भय दूर होता है और सही राह जीवन में मीन राशि वालों को प्राप्त होती है। इसके साथ ही सोना पहनने से मीन राशि के लोग धन से जुड़े मामलों में भी अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। सोना पहनने से इनको आध्यात्मिक गतिविधियों में भी सफलता प्राप्त हो सकती है।

## इस मौसम में पेट खराब और डायरिया होना आम समस्या

# बच्चे को उल्टी-दस्त होने पर क्या खिलाएं-पिलाएं और क्या नहीं, लापरवाही पड़ सकती है भारी

गर्मी इन दिनों अपना प्रचंड रूप दिखा रही है। तेज धूप में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। हालांकि अभी भी कई जगह बच्चों के स्कूल या फिर समर कैंप चल रहे हैं। मई की भीषण गर्मी में बच्चों को सबसे ज्यादा उल्टी-दस्त और डायरिया की समस्या परेशान करती है। खान-पान में जरा सी गड़बड़ी होने पर बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। खासतौर से जो बच्चे बाहर का खाना ज्यादा खाते हैं उन्हें ऐसी परेशानी सबसे पहले होती है। कई बार तेज गर्मी में पानी कम पीने के कारण भी बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। अगर बच्चे को डायरिया की समस्या हो गई है तो खाने-पीने का खास ख्याल रखें। जानिए उल्टी दस्त में बच्चे को क्या खिलाना चाहिए, जिससे ज्यादा कमजोरी न आएं और बच्चा जल्दी ठीक हो जाए।



### इन बातों का रखें ख्याल

गर्मियों में बच्चों को धूप और पसीने में आइसक्रीम खिलाने से बचें। तेज धूप में बच्चों को बाहर न खेलने दें। बच्चों को भरपूर पीना और लिक्विड देते रहें। बाहर का खाना और जंक फूड से दूर रखें। ज्यादा से ज्यादा फल सब्जियां खिलाएं

### खाने में इन चीजों को शामिल करें

बच्चे को दस्त और उल्टी होने पर डाइट में चावल, मूंगदाल की खिचड़ी, ओटमील, दलिया, ब्रेड, उबले हुए आलू खिला सकते हैं। इस वक्त बच्चे को दही खिलाएं। दही में प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं जो पेट में गुड और बैड बैक्टीरिया के बैलेंस को बनाए रखने में मदद करते हैं।

### केला खिलाएं

बच्चे को दस्त होने पर पका केला खिला सकते हैं। इससे पेट सेट हो जाता है और तुरंत एनर्जी मिलती है। हालांकि जब उल्टी दस्त कम हो जाए तभी केला खिलाना चाहिए। इस वक्त आम भूलकर भी न खिलाएं।

### बच्चे को डायरिया होने पर क्या खिलाएं?

**दूध वाली चीजें कम दें-** बच्चे को उल्टी-दस्त होने पर दूध से बनी चीजें कम खिलाएं। खासतौर से खाली पेट दूध या दही खिलाने से बचना चाहिए। जिन बच्चों को दूध कम पचता है उन्हें इससे और परेशानी हो सकती है।

**हल्का खाना खिलाएं-** जब बच्चे का पेट गड़बड़ हो यानि दस्त की समस्या हो और साथ में उल्टी भी हो रही हों, तो हल्का खाना खिलाएं। एक साथ ज्यादा खाने खिलाने से बचें। एक बार में थोड़ा खाना ही खिलाएं जिसे पचाना आसान हो। घर का बना खाना ही खिलाएं। बच्चे को दही और चावल खिला सकते हैं। इसके अलावा मूंगदाल की खिचड़ी भी खिला सकते हैं।

**पानी पिलाते रहें-** उल्टी-दस्त में शरीर कमजोर हो जाता है। शरीर में पानी की कमी होने लगती है इसलिए खूब पानी पिलाते रहें। बच्चे को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए ओआरएस का घोल पिलाएं। घर पर नमक और चीनी वाला पानी पिलाते रहें। नारियल पानी पिला सकते हैं।

# धूप से घर लौटने के बाद तुरंत न करें ये काम, तबीयत हो सकती है खराब

मई के महीने में गर्मी का पारा और भी बढ़ गया है तापमान के बढ़ने से लोग हीट वेव का शिकार हो रहे हैं। चिलचिलाती गर्मी में कोशिश करें कि दोपहर के समय धूप में बाहर न निकलना पड़े। अगर कामकाज के लिए निकलना पड़ रहा है तो कुछ सावधानियां ज़रूर बरतें। दरअसल, तेज चिलचिलाती धूप की वजह से बॉडी डिहाइड्रेटेड हो जाती है और शरीर तेज बुखार, चक्कर जैसी कई समस्याओं की चपेट में आ जाता है। कई बार लोग तेज धूप से घर लौटने के बाद ऐसी गलती कर देते हैं जिस वजह से उनकी सेहत पर बन आती है। चलिए हम आपको बताते हैं जब आप दोपहर में घर आएं तो आपको क्या सावधानी बरतनी चाहिए?

तुरंत एसी ऑन न करें: अगर आप तेज धूप से घर लौट रहे हैं तो कमरे या हॉल का एसी तुरंत चालू न करें। बाहर से आने के बाद गर्मी बहुत ज़्यादा लगती है लेकिन आप पंखे की हवा में बैठें। एक बार जब बॉडी का टेम्प्रेचर नॉर्मल हो जाए और शरीर से पसीना सूख जाए तो तब एसी चालू करें।



### तुरंत ठंडा पानी न पिएं

बाहर से आने के बाद ज़्यादातर लोग तुरंत फ्रिज की तरफ दौड़ते हैं ताकि ठंडा पानी पीकर गर्मी की तपिश को कम किया जाए। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इससे आपको बुखार हो सकता है, गला खराब हो सकता है और आपको सर्दी-खांसी की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में धूप से घर आने के बाद थोड़े देर बैठें और फिर सामान्य तापमान का पानी पिएं। इससे बीमार पड़ने की सम्भावना कम हो जाएगी।

### तुरंत नहाने से बचें

बाहर से आने के बाद हमे गर्मी इतनी ज़्यादा लगती है कि हम तुरंत नहाने चले जाते हैं। क्या आप जानते हैं आपकी ये आदत आपको बहुत बीमार कर सकती है। इससे हीटस्ट्रोक का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

### लू से बचाव के लिए ये तरीके आजमाएं

अगर आपको धूप में निकलना पड़ रहा है तो चश्मा और स्कार्फ पहनकर ही निकलें। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए हमेशा अपने पास पानी का बॉटल रखें। गर्मियों में पानी से भरपूर फलों का सेवन करें। गर्मी में ज्यादा ऑयली, तला-भुना खाने से बचें।

# खाने के बाद गैस और एसिडिटी से जलने लगे सीना तो आज़माएं ये घरेलू उपाय

अगर आप डिनर 8 बजे के बाद करते हैं तो आपको पेट से जुड़ी कई समस्याओं का समाना करना पड़ सकता है। खासकर लोगों के पाचन तंत्र पर बेहद बुरा प्रभाव पड़ता है। दरअसल, कई बार ऐसा होता है कि रात में खाना खाने के बाद लोगों को गैस और एसिडिटी की वजह से खट्टी डकार आने लगती है और सीने में जलन होने लगता है। एसिडिटी की वजह से लोगों को पेट फूलना, सीने और पेट में जलन जैसी शिकायत होती है। ऐसे में लोग बेहद परेशान हो जाते हैं। अगर आपको भी यह परेशानी ट्रिगर करती है तो तुरंत आराम पाने के लिए आप ये घरेलू नुस्खें ज़रूर आज़माएं।



### इन घरेलू नुस्खों का करें इस्तेमाल:

**सौंफ का पानी पिएं:** अगर खाना खाने के बाद आपको गैस और सीने में जलन होने लगे तो आप तुरंत सौंफ का पानी पीएं। आपने देखा होगा बेहतर पाचन के लिए लोग खाना खाने के बाद सौंफ चबाकर खाते हैं ताकि पाचन सही से हो। सौंफ आपके पेट में ठंडक प्रदान कर एसिडिटी को कम करता है।

**पानी में जीरा डालकर उबालें व पिएं :** जीरे गैस और एसिडिटी में काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक तेल लार ग्रंथियों को उत्तेजित कर पाचन को बेहतर करता है। एक गिलास पानी में चम्मच जीरा डालें और उसे उबालें। जब पानी उबाल जाए तब इस पानी को छानकर पियें इससे आपको तुरंत आराम मिलेगा।

### भुना हुआ अजवाइन खाकर पिएं पानी

गैस की जलन को दूर करने में अजवाइन बेहद फायदेमंद है। अगर आपको अक्सर एसिडिटी या गैस की दिक्कत होती है तो रात को सोने से पहले 1 चम्मच भुना हुआ अजवाइन खाकर एक गिलास गुनगुना पानी पिएं। ऐसा करने से आपको तुरंत आराम मिलेगा। साथ ही कुछ ही दिनों में आपका हाजमा सही होगा।

### अदरक है फायदेमंद

एंटी इफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर अदरक भी गैस एसिडिटी की समस्या ऐ आपको राहत दिलाता है। अदरक के छोटे छूटे टुकड़े कर आप उसे खाएं इससे आपको सीने में होने वाली जैम से तुरंत आराम मिलेगा।



# इन 4 राशियों के लोग होते हैं बेहद शर्मीले, खुलकर नहीं कह पाते अपनी बात

राशिचक्र में 12 राशियां हैं और हर राशि का अपना गुणधर्म होता है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे उन राशियों के बारे में जिनको शर्मीले स्वभाव का माना जाता है। इन राशियों के लोग अपनी बातों को दूसरों के सामने रखने में कतराते हैं। हालांकि चुप रहकर ये दूसरों का भरोसा अवश्य जीत सकते हैं। आइए जानते हैं कौन सी हैं ये राशियां।

**कर्क राशि :** सौम्य ग्रह चंद्रमा के स्वामित्व वाली लोग स्वभाव से बहुत शर्मीले होते हैं। खासकर जब ये अनजान लोगों से मिलते हैं तो आसानी से उनसे घुलमिल नहीं पाते। सामाजिक स्तर पर इस वजह से इनको परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। हालांकि ये अच्छे श्रोता होते हैं और इसलिए लोग इन पर भरोसा बहुत अधिक करते हैं। इनका कम बोलना, या अपनी बात दूसरे के सामने न रख पाने का एक कारण इनका संवेदनशील होना भी है, कुछ भी बोलने से पहले इनके दिमाग में ये बात चल रही होती है कि बातों का सामने वाले पर क्या असर पड़ेगा।

**कन्या राशि :** बुध के स्वामित्व वाली कन्या राशि के लोग काफी शांत स्वभाव के माने जाते हैं। इनकी बुद्धि बहुत तीव्र होती है लेकिन लोगों के बीच जाकर ये असहज महसूस कर सकते हैं। अक्सर इन लोगों को एकांत में समय बिताना पसंद होता है क्योंकि ऐसी स्थिति में इन्हें किसी से बात नहीं करनी पड़ती। हालांकि समय आने पर जब ये बोलते हैं तो इनकी बात पर हर कोई गौर करता है। कम बोलने के कारण इनकी बात का वजन बढ़ जाता है।

**वृश्चिक राशि :** रहस्यमयी राशि वृश्चिक के जातक भी समाज के बीच जाकर अक्सर चुप रहना ही पसंद करते हैं। इन लोगों को दूसरों से थोड़ी इनसिक्योरिटी भी हो सकती है। यानि इनको लगता है कि जो ये कहेंगे उस बात का गलत मतलब निकाला जा सकता है, इसीलिए अक्सर सामाजिक स्तर पर ये लोग चुप रहना ही पसंद करते हैं। लेकिन जिन लोगों पर ये भरोसा करते हैं उनके सामने खुलकर बातें करने में इनको कोई झिझक नहीं होती।

**मकर राशि :** शनि के स्वामित्व वाली मकर राशि के लोग शर्मीले स्वभाव के होते हैं। इनको दूसरों से घुलने-मिलने में काफी समय लग सकता है। लेकिन एक बार अगर ये किसी के साथ दोस्ती गहरी कर लें तो खुलकर अपनी बातों को रखते हैं। इनकी चुप रहने की खूबी दूसरों को सही तरह से समझने में इनकी मदद करती है। हालांकि कई बार लोग इनकी चुप्पी का गलत मतलब भी निकाल सकते हैं।



**इन 4 राशियों के अलावा मीन राशि के जातकों को भी शर्मीले स्वभाव का माना जाात है। मीन राशि वाले यूं तो काफी रचनात्मक होते हैं लेकिन, जब अपनी रचनात्मकता औरों के सामने दिखाने का वक्त आता है तो ये थोड़े झिझक सकते हैं। अजनबी लोगों पर ये राशि भी आसानी से भरोसा नहीं करती।**

# धूप के चश्मे खरीदने से पहले जरूर ध्यान रखें कुछ बातें, नहीं तो आंखें हो सकती हैं खराब!

गर्मी का मौसम आ चुका है ऐसे में तेज धूप से बचने के लिए सनग्लास का पहनते हैं। सनग्लास यानी धूप का चश्मा पहनने से आंख पर तेज सनलाइट नहीं पड़ती जिससे आप धूप में भी आसानी से देख सकते हैं। यह सूरज की आंखों को पराबैंगनी (यूवी) किरणों से और तेज रोशनी को आपकी आंखों तक सीधे पहुंचने से और बचाता है। यूवीए और विशेष रूप से यूवीबी वाली यूवी किरणें आंख की सतह के टिश्यूज, कॉर्निया और लेंस को नुकसान पहुंचाती हैं जिससे समय के साथ आंख और नजर संबंधिक कई समस्याएं हो सकती हैं।

### पोलाराइज लेंस सिर्फ कम करते हैं चमक

पोलाराइज लेंस पानी या सड़कों जैसी परावर्तक सतहों से रिफ्लेक्ट होने वाली चमक को कम करने के लिए बनाए जाते हैं। वे यूवी प्रोटेक्शन नहीं देते हैं इसलिए यह बिल्कुल न सोचें कि पोलाराइज लेंस से आप यूवी किरणों से बच सकते हैं। इसके लिए आप मार्केट से यूवी प्रोटेक्शन वाले पोलाराइज लेंस वाले सनग्लास ले सकते हैं।

### सस्ते चश्मे खरीदने से बचें

लोग मार्केट से सस्ते चश्मे खरीद लेते हैं। दरअसल, ऐसे सनग्लास में सिर्फ गहरे रंग के कांच या प्लास्टिक के लेंस लगे होते हैं जो किसी भी प्रकार से यूवी किरणों से नहीं बचाते। इसलिए हमेशा अच्छी जगह से 100 प्रतिशत सनग्लास प्रोटेक्शन वाले चश्मे ही खरीदें।

### गहरे रंग का मतलब नहीं

धूप के चश्मे लेते समय उसके कलर पर न जाएं। गहरे रंग के चश्मे का मतलब ये नहीं होता कि चश्मा जितना गहरा होगा, वह आपकी आंखों के लिए उतना ही सुरक्षित होगा। केवल 100 प्रतिशत यूवी प्रोटेक्शन वाले सनग्लास ही यूवी किरणों से बचाते हैं बाकी चश्मों के लिए किए जाने वाले दावे खोखले ही साबित होते हैं। गैर-प्रिस्क्रिप्शन वाले सनग्लास लेने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।











## फिल्म इवेंट

### बॉलीवुड

## मनीषा कोइराला इस सीन के लिए 12 घंटे रही थीं पानी के अंदर



**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' की स्टार कास्ट इन दिनों किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी हुई है। वहीं 53 साल की मनीषा कोइराला ने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट में खुलासा किया कि उन्होंने 'हीरामंडी' के एक सीन के लिए 12 घंटे पानी में रहना पड़ा था। साथ ही एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि कैसे ये खतरनाक सीन शूट किया गया था। मनीषा ने फव्वारा सीक्वेंस के बारे में बात करते हुए बताया कि इस सीन को शूट करने में लगभग 12 घंटे लगे थे। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान वह बहुत थक गई थीं। मनीषा ने लिखा,'फव्वारा सीन मेरे लिए बहुत मुश्किल सीन साबित हुआ। इसके लिए मुझे 12 घंटे से ज्यादा समय तक पानी के फव्वारे में डूबे रहना पड़ा। हालांकि संजय ने सोच-समझकर मुझे ये सीन करने को दिया था उन्होंने पहले ही पानी को गर्म और साफ करा दिया था, लेकिन कुछ ही घंटों में पानी गंदा हो गया। मेरे शरीर का एक-एक रोम उस गंदे पानी में भीग गया था। भले ही शूटिंग के लास्ट तक मैं थक चुकी थी, फिर भी मुझे दिल से खुशी महसूस हो रही थी। मेरे शरीर ने हर कष्ट सह लिया। मुझे पता था कि मैंने एक बहुत ही मुश्किल परीक्षा पास कर ली है।

### भोजपुरी

## वैजयंती माला के पुराने गाने पर नए अंदाज में मोनालिसा ने बिखेरा जलवा



**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्मों की मशहूर ऐक्ट्रेस मोनालिसा उर्फ अंतरा बिस्वास अपने हॉट अंदाज के लिए जानी जाती हैं। खास बात ये है कि मोनालिसा ने अपने दम पर भोजपुरी फिल्मों के अलावा हिंदी, बंगाली, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम और उड़िया जैसी भाषाओं की फिल्मों में भी खूब नाम कमाया है। वही अपनी एक्टिंग के साथ-साथ मोनालिसा डांस और अपनी अदाओं के लिए भी जानी जाती हैं। जी हां, हाल ही में मोनालिसा ने इंस्टा पर अपना एक डांस वीडियो शेयर किया है, जो सोशल मीडिया पर खूब पंसद किया जा रहा है। इस वीडियो में मोनालिसा गुजरे जमाने की एक्ट्रेस वैजयंती माला के पॉपुलर गाने 'होठों पे ऐसी बात मैं दबा के चली आई' पर डांस करती नजर आ रही हैं। पुराने गाने को एक्ट्रेस ने अपने अंदाज में पेश किया है, जो कि लोगों को खूब पसंद आ रहा है। वैसे तो मोनालिसा अच्छी डांसर हैं ही लेकिन इस गाने पर उनके स्टेप्स तो और चार चांद लगा रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस का ये अंदाज देख लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फिलहाल मोनालिसा का ये डांस वीडियो सोशल मीडिया पर गर्दा उड़ा रहा है।

बता दें कि मोनालिसा अब भोजपुरी फिल्मों में कम ही दिखाई देती हैं। 2018 के बाद से वो किसी भोजपुरी फिल्म में नहीं दिखी हैं। हालांकि वो इन दिनों टीवी शोज में एक्टिव हैं। फिलहाल वो 'माता की महिमा' नाम के शो में नजर आ रही हैं।

### मॉलीवुड

## '2018 एवरीवन इज ए हीरो' ने तोड़े कई मॉलीवुड बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** अवॉर्ड विनर डायरेक्टर जूड एंथनी जोसेफ के द्वारा डायरेक्ट मलयालम मूवी '2018 एवरीवन इज ए हीरो को दर्शकों ने काफी पसंद किया। ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर तेजी के साथ आगे बढ़ी। 'द केरला स्टोरी के सामने फिल्म काफी ज्यादा पसंद की जा रही है। मलयालम फिल्म बिजनेस से जुड़े हुए तमाम लोग इस मूवी को केरल की असली स्टोरी बता रहे हैं। '2018 एवरीवन इज ए हीरो' की स्टोरी साल 2018 में केरल में आई बाढ़ पर बेस है। मूवी में बाढ़ के सामने इन्सानियत की जीत को बहुत ही बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है। केरल में आई बाढ़ ने कुछ हिस्सों को बुरी तरह से तबाह कर दिया था। इस मूवी ने 2021 की सुपरहीरो फिल्म 'मिन्नल मुरली' के बाद नेशनल लेवल पर दर्शकों का ध्यान खीचने वाली दूसरी टोविनो प्रोजेक्ट फिल्म बन गई है। इसके साथ मूवी ने 2019 में आई 'वायरस' की यादों को भी ताजा किया है। टोविनो ने 2018 में बाढ़ राहत के लिए अपनी मर्जी से लोगो की हेल्प की थी। फिल्म में वह एक ऐसे यंगस्टर के रोल में है, जो एक नकली मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ भारतीय सेना को छोड़ देता है। इसके साथ बाढ़ के दौरान खुद को छुड़ाने में कामयाब रहता है। मूवी में मुख्य तौर पर आसिफ अली, कुंचाको बोबन, लाल और नेशनल अवॉर्ड विनर एक्ट्रेस अपर्णा बालमुरली ने एक टीवी रिपोर्टर का रोल किया है। 5 मई को रिलीज हुई '2018 एवरीवन इज ए हीरो' ने नौवें दिन अकेले केरल में ही लगभग 5.18 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है, जो कि मॉलीवुड हिस्ट्री में बड़ा रिकॉर्ड है। इससे पहले मूवी 80 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुक है। अब ये मूवी 100 करोड़ के आंकड़े के पास आ रही है।

## ट्रेडिशनल आउटफिट में दिखना है ग्लैमरस

'रॉकस्टार' गर्ल नरगिस फाखरी फैशन के नए मानक स्थापित करने में कभी असफल नहीं होती हैं। डीवा एक परफेक्शनिस्ट की तरह वेस्टर्न आउटफिट में कहर ढाती हैं। इसी कड़ी में उनका लुक भी काफी पसंद किया जा रहा है। नरगिस फाखरी इस खूबसूरत पोशाक में ड्रीमी और सुंदर लग रही हैं, जो मोतियों की मदद से जटिल रूप से बुनी गई है। प्लंजिंग नेकलाइन और ड्रामाटिक स्लीव्स के साथ एक्ट्रेस के पूरे लुक में चार चांद लग गया है। उन्होंने सिंपल लेकिन स्टेटमेंट एक्सेसरीज के साथ अपने लुक को बेहतर बनाया। नरगिस फाखरी इस खूबसूरत पोशाक में ड्रीमी और सुंदर लग रही हैं, जो मोतियों की मदद से जटिल रूप से बुनी गई है। प्लंजिंग नेकलाइन और ड्रामाटिक स्लीव्स के साथ एक्ट्रेस के पूरे लुक में चार चांद लग गया है। उन्होंने सिंपल लेकिन स्टेटमेंट एक्सेसरीज के साथ अपने लुक को बेहतर बनाया।




## फेयरवेल पार्टी में दिखना चाहती हैं सबसे हसीन, पहनें लेटेस्ट ऑउटफिट




मई-जून का महीना छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी करने का समय होता है। फेयरवेल पार्टी का दिन सभी छात्रों की जिंदगी का बेहद खास और यादगार दिन होता है। इन पार्टियों में सभी लड़कियां सबसे अलग और सुंदर दिखना चाहती हैं। ऐसे में खुद को बेहद खूबसूरत दिखाने के लिए आप साड़ी, अनारकली सूट और जंपसूट जैसे पारंपरिक कपड़े पहन सकती हैं। इस साल फेयरवेल पार्टी में शानदार दिखने के लिए अपनाएं ये फैशन टिप्स।

**ऑर्गेंजा साड़ी :** गर्मी में भारी कपड़ों से बानी साड़ी पहनना एक मुश्किल काम होता है, क्योंकि उनमें पसीना आता रहता है। ऐसे में इस मौसम के अनुकूल खूबसूरत साड़ी का विकल्प है ऑर्गेंजा साड़ी। आप इस पर वी-नेक, बोट-नेक या स्वीट हार्ट नेक वाला ब्लाउज और मोती वाले जेवर पहनें। यह टिशू या ऑर्गेंजा कपड़े से बनी होती है, जो बेहद पतला और हवादार होता है। ऑर्गेंजा साड़ी कई तरह के फूलों वाले और अन्य सुंदर प्रिंट में मिलती है।

**शरारा सूट :** अगर आप सभी लड़कियों की तरह साड़ी नहीं पहनना चाहतीं तो शरारा सूट को अपनाएं। महिलाओं के बीच बीते कुछ सालों से ये सूट बेहद मशहूर है। वैसे तो शरारा सूट कई अलग-अलग किस्म में मिलता है, लेकिन इनमें से सबसे खूबसूरत लगता है शार्ट कुर्ती वाला शरारा। आप किसी हल्के रंग का स्लीवलेस शरारा पहनकर उसपर बड़े झुमके और जूतियां पहनें। गर्मी के मौसम में रहने वाला है इन फैशन ट्रेंड्स का बोल बाला।

**जंपसूट :** अगर आप अपनी फेयरवेल पार्टी में कुछ इंडो-वेस्टर्न पहनना चाहती हैं तो जंपसूट को चुनें। पारंपरिक कढ़ाई वाला जंपसूट पहनें और उसके ऊपर से सुंदर सी एम्ब्रोइडरी वाली कोटी स्टाइल करें। आप इस ऑउटफिट पर अपने बालों का जूड़ा बनाएं और चोकर वाला हार पहनें। आप जंपसूट पहनकर आरामदायक महसूस करेंगी और आसानी से नाच भी सकेंगी।

**अनारकली सूट :** एक बार फिर अनारकली सूट महिलाओं के फैशन रुझानों में शानदार वापसी कर रहा है। गोल गले और सुंदर कढ़ाई वाला अनारकली सूट पहनें और उसपर बड़े ऑक्सीडाइज्ड झुमके स्टाइल करें। इन दिनों लैवेंडर, सफेद, नारंगी और पीच रंग के सूट बेहद चलन में हैं। इस ऑउटफिट के साथ लंबी हील्स पहनें और बालों को खुला रखें। इसे पहनकर आप आरामदायक और शाही महसूस करेंगी।

**सैटिन ड्रेस :** अगर आप उन लड़कियों में से हैं, जिन्हें पारंपरिक कपड़े पहनना कम पसंद होता है तो आप सैटिन ड्रेस पहन सकती हैं। आप लाल, नीले, हरे और काले रंगों में से चुनकर सैटिन ड्रेस पहनें। इस पर बालों को खुला रखें और बेहद पतली सोने की चेन पहनें।

## चाहती हैं सुंदर और घनी पलकें तो सोने से पहले अपनाएं आसान उपाय, नकली आईलैशेस की नहीं पड़ेगी जरूरत

हर महिला का सपना होता है कि उनकी पलकें लंबी और घनी हों। हो भी क्यों ना, आखिर लंबी और झिलमिलाती पलकें आपके चेहरे में एक अलग चार्म जो जोड़ देती हैं। यही वजह है कि किसी शादी या बड़े इवेंट में जाने से पहले आजकल महिलाएं अपनी आंखों को अधिक आकर्षक बनाने के लिए नकली आईलैशेस का सहारा ले रही हैं। इसके अलावा आजकल कई आर्टिफीशियल ट्रीटमेंट मौजूद हैं जिनके जरिए पलकें मोटी, लंबी और घनी की जाती हैं। हालांकि, ये तमाम तरह के ट्रीटमेंट अधिक समय तक नहीं रुक पाते हैं, साथ ही कई बार इनके आंखों पर साइड इफेक्ट भी देखे गए हैं। ऐसे में अगर आप भी अपनी पलकों को घना और लंबा बनाना चाहती हैं, तो इन तरीकों की मदद से आप बिना किसी साइड इफेक्ट के बेहद आसानी से लॉन्ग आईलैशेस के अपने सपने को पूरा कर पाएंगी।



### ग्रीन टी दिखाएगी कमाल

स्टाइलक्रेज के मुताबिक, ग्रीन टी में भरपूर मात्रा में पॉलीफेनॉल पाया जाता है, जो बालों की ग्रोथ में असरदार साबित होता है। इसके लिए आप रात में सोने से पहले ग्रीन टी को ठंडा करके उंगलियों की मदद से अपनी पलकों पर लगा सकती हैं। नियमित तौर पर ऐसा करने से कुछ ही समय में अपनी पलकें लंबी और घनी हो जाएंगी। इसके अलावा आप ग्रीन टी का सेवन भी कर सकती हैं। इससे ये पलकों के साथ-साथ आपके सिर के बाल बढ़ाने में भी कारगर साबित होगी।

**अरंडी का तेल करेगा मदद :** पलकों की ग्रोथ के लिए अरंडी का तेल सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। कैस्टर ऑयल में रिकिनोइलिक एसिड पाया जाता है, जिसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं।

### एलोवेरा जेल और विटामिन-ई

एलोवेरा जेल में विटामिन-ई ऑयल को मिक्स करने से आपकी पलकों के बाल घने भी हो जाएंगे और मोटे भी लगने लगेंगे। एलोवेरा जेल आपकी पलकों को मुलायम बनाता है, तो वहीं विटामिन-ई बालों के झड़ने की समस्या को रोकने का काम करता है। ऐसे में ये दोनों ही पलकों की ग्रोथ के लिए असरदार माने जाते हैं।

### नारियल का तेल

नारियल के तेल में लॉरिक एसिड उच्च मात्रा में पाया जाता है, ये पलकों को पोषण देने का काम करता है। इसके अलावा नारियल के तेल में मॉइस्चराइजिंग गुण भी होते हैं जो पलकों को टूटने से रोक सकते हैं। आप इसे कॉटन की मदद से पलकों पर लगा सकते हैं। रात भर तेल को लगा रहने दें और सुबह इसे धो लें। इसके भी आपकी पलकें लंबी और घनी हो जाएंगी।

## शादी के सीजन में रहेगा इन रंगों का बोलबाला, दुल्हन करें इनका चयन

शादियों का सीजन आते ही फैशन जगत में भी कई बदलाव आते हैं। हर सीजन के अनुसार नए तरह का स्टाइल, चलन और रंग आते हैं। इस सीजन के सबसे पसंदीदा रंगों में हल्के रंगों के साथ-साथ गाढ़े-चटक रंग भी शामिल हैं। गर्मियों के मौसम के हिसाब से प्रसिद्ध रंग आपकी शादी की वॉर्डरोब को प्रभावित करने और आपको स्टाइलिश दिखाने में मदद करेंगे। इन रंगों के चुनाव और फैशन टिप्स से आप सबसे खूबसूरत दिखेंगी।

**शादी सीजन के लिए आइवरी और बेज रंग :** आइवरी और बेज रंग के विभिन्न शेड 2024 में शादी सीजन के लिए सबसे अच्छे रहेंगे। दुल्हन के फैशन में यह पहली पसंद हो सकते हैं। ये जीवंत और हल्के रंग आपको सुंदर के साथ-साथ एलिगेंट भी दिखाते हैं। आप आइवरी और बेज के किसी भी टोन का लहंगा अपने संगीत या रात के फंक्शन में भी पहन सकती हैं। इन रंगों की शेरवानी दूल्हों पर भी जंचेगी।



### बोल्ड दिखने के लिए सुर्ख लाल और गुलाबी

भारत की संस्कृति में लाल रंग का खास महत्त्व है। यह रंग सदियों से शादियों के लिए पारंपरिक पसंद रहा है। इस साल भी सुर्ख लाल और गाढ़ा गुलाबी रंग शादी सीजन में खूब जंचेगा। ये दोनों रंग जुनून और उत्सव की भावना को दर्शाते हैं। अगर आप लाल या गुलाबी रंग का लहंगा अपनी शादी में पहनती हैं तो आप बेहद ही रॉयल और बोल्ड नजर आएंगी।

## इंडियन आउटफिट में चार चांद लगा देंगे ये तरीके, ईयरिंग्स सिलेक्ट करने में करेंगे मदद

कोई भी लुक, चाहे वह ट्रेडिशनल हो या मॉडर्न, तभी कंपलीट लगता है जब उसके साथ मैच करती हुईं एसेसरीज को उसके साथ पेयर किया जाए। किसी भी ड्रेस के साथ एसेसरीज पहनने से ओवरऑल लुक में चार चांद लग जाते हैं, अब चाहे वह झुमके हों या चंकी ईयररिंग्स।

ट्रेडिशनल आउटफिट्स के साथ ईयररिंग्स काफी अच्छे लगते हैं। न केवल वे चेहरे की सुंदरता को बढ़ाते हैं, बल्कि ओवरऑल लुक को भी बढ़ा देते हैं। एथनिक फिट के साथ लड़कियों और महिलाओं को ईयररिंग्स चुनना कुछ मुश्किल हो सकता है। इसलिए आज कुछ ऐसे तरीके हैं जो ईयरिंग्स सिलेक्ट करने में मदद करेंगे।



**आउटफिट से मैच करें :** अपने एथनिक आउटफिट के लिए ईयररिंग्स सिलेक्ट करते समय अगर आप इस बात का ख्याल रखेंगी तो आपके लुक में चार चांद लग ही जाएंगे। इसके लिए अपने आउटफिट के कलर से मैच करते हुए ईयररिंग्स पहनें और फिर देखें अपना लुक।

**ट्रेडिशनल लुक में झुमके काफी सटीक :** ट्रेडिशनल लुक में झुमके काफी सटीक बैठते हैं लेकिन इसके लिए आपको यह देखना होगा कि आप उन्हें किस ओकेजन पर पहन रही हैं। कई मौकों पर कानों की छोटी-छोटी बालियां अच्छी लगती हैं और कई मौकों पर बड़े झुमके। उदाहरण के लिए शादी में आप हैवी झुमके पहन सकती हैं और किसी नॉर्मल गेट-टु-गैदर पार्टी में ईयरिंग्स या टॉप्स।

**नेकलाइन देखें :** आपके ईयरिंग्स को सिलेक्ट करते समय आउटफिट की नेकलाइन को जरूर देखें। यह आपके लुक को और निखार देगी। जैसे यदि आप डीप नेकलाइन या ऑफ-शोल्डर ब्लाउज पहन रही हैं तो स्टेटमेंट ईयररिंग्स पहनें।

### कार्नर न्यूज

## कुशन कवर, दुपट्टा या क्लॉथ बैग कर सकती हैं तैयार

# पुरानी साड़ियों को फेंकें नहीं, इन तरीकों से करें दोबारा इस्तेमाल

*साड़ी महिलाओं की सुंदरता में चार चांद लगाती है. हर भारतीय महिला की अलमारी में आपको कई तरह की साड़ियों का ढेर मिल जाएगा। इनमें से कुछ साड़ियां तो प्लेन और रोजाना पहनने वाली होती हैं लेकिन कुछ साड़ियां काफी हैवी और खास मौकों पर पहनने के लिए होती हैं। इन सबके बावजूद कुछ साड़ियां ऐसी भी होती हैं जिन्हें किसी ना किसी कारणवश कभी नहीं पहना जाता क्योंकि या तो उनका प्रिंट आपको पसंद नहीं आता या कलर कई बार इस तरह की साड़ियों को महिलाएं या तो सालों साल अलमारी में रखती हैं या किसी को दे देती हैं। तो अगर आपके पास भी कुछ ऐसी ही साड़ियां रखी हुई है तो आप उन्हें कुछ अलग तरह से स्टाइल कर सकती हैं और दोबारा पहन सकती हैं।*



### अपनी पुरानी साड़ी को इन तरीकों से करें रियूज

**एथनिक सूट-** आज पुरानी साड़ी से अपने लिए स्ट्रेट, ए-लाइन या अनारकली सूट बनवा सकती हैं। अगर आपके पास रखी हुई साड़ी बनारसी, कांचीपुरम या सिल्क है तो इनका बना हुआ सूट काफी सुंदर लगता है।

**दुप्पटा-** अगर आपके पास जॉर्जेट या शिफॉन साड़ी की है तो आप इससे शरारा या दुपट्टा बना सकती है, जिसे आप कुर्ती के साथ ले सकती हैं।

**कुशन कवर-** अगर बनारसी साड़ी है, तो फिर आप पूरी लंबाई वाले बॉर्डर को काटकर निकाल लें और इसे शिफॉन या जॉर्जेट की साड़ी पर लगा लें। जो बच गया है, उससे आप कुशन कवर, दुपट्टा या क्लॉथ बैग तैयार कर सकती हैं।

**फ्लेयर्ड स्कर्ट-** अगर आपके पास ब्रोकेड या चंदेरी सिल्क की साड़ी पड़ी है और आप इसे किसी को देना नहीं चाहते तो इससे आप फ्लेयर्ड स्कर्ट बना सकते हैं। परफेक्ट इंडो-वेस्टर्न लुक के लिए इसे आप प्लेन टॉप या फॉर्मल शर्ट के साथ पहनें।



**ट्यूनिक और टॉप-** 6 मीटर लंबी साड़ी से आप आसानी से अपने लिए ट्यूनिक या टॉप आसानी से बना सकते हैं। अगर आपके पास बांधनी, ब्लॉक प्रिंट या बाटिक की साड़ी है तो इससे आप काफी खूबसूरत टॉप या शॉर्ट कुर्ती बना सकती हैं और जींस या पैंट के साथ पहन सकती हैं।

**पोटली बैग-** पुरानी साड़ी से आप अपने लिए खूबसूरत पोटली बैग भी बना सकती हैं। अगर आपके पास कोई हैवी साड़ी रखी हुई है तो इससे आसानी से आपका पोटली बैग बन जाएगा। जिसे आप फेस्टिव सीजन में इस्तेमाल कर सकती हैं।

आप दो अलग साड़ियों को आधे-आधे हिस्से में काटकर इस्तेमाल में ला सकती हैं या दो कंट्रास्ट दुपट्टों को इस्तेमाल में ला सकती हैं। उन्हें साड़ी की तरह लपेट लें, बेहतर लुक के लिए इनके साथ कुछ इंट्रेस्टिंग ज्वेलरी पहन सकती हैं